दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 11 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 467

## संक्षिप्त खबरें ।

### अमेरिकी सुरक्षा पैनल का बड़ा फैसला, अडानी के खिलाफ संयुक्त सुनवाई की मांग



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने गुरुवार, 5 दिसंबर को एक नोटिस दायर कर अरबपति गौतम अडानी और एज़्योर पावर ग्लोबल के पूर्व निदेशक सिरिल कैबनेस के खिलाफ प्रतिभूति धोखाधड़ी के मामले को संबंधित मामने का आग्रह किया है, जिन पर विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) का उल्लंघन करने का आरोप है. ये कदम इसलिए उठाया गया ताकी दोनों मामलों को एक ही अदालत को सौंपा जाए।

**अमेरिकी कंपनी ने लगाया आरोप :** SEC और न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने अडानी पर राज्य सरकार के अधिकारियों को लाखों डॉलर का भुगतान करने वाली ₹बड़ी रिश्वतखोरी योजना₹ में कथित तौर पर संलिप्तता का आरोप लगाया था. लोकिन अडानी समूह ने इन सभी आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। फिलहाल इन आरोपों से संबंधित तीन मामले न्यूयॉर्क के पूर्वी जिला न्यायालय में चल रहे हैं. इसमें न्याय विभाग ने अडानी के साथ सात अन्य के लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है . इसमें शेयर धोखाधड़ी और वायर धोखाधड़ी के साथ–साथ मूल शेयर धोखाधड़ी करने की साजिश का आरोप लगाया गया है. रपोर्ट्स की मानें तो अमेरिकी अदालत में दायर आरोपों ने बड़े पैमाने पर आर्थिक और राजनीतिक नुकसान पहुंचाया है. रिपोर्ट्स से पता चलता है कि अडानी समूह को 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त बाजार मूल्य का नुकसान हुआ है, लेकिन उनके शेयरों में थोड़ा सुधार हुआ है।

# पूर्व पीएम शेख हसीना का बड़ा बयान मोहम्मद यूनुस को बताया बांग्लादेश में फैली अशांति का 'मास्टरमाइंड'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने देश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर जमकर निशाना साधा है। हसीना ने अपनी पार्टी अवामी लीग के एक कार्यक्रम में ऑनलाइन शिरकत करते हुए कहा कि मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश को अराजकता में झोंक दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस की वजह से ही बांग्लादेश में सामूहिक हत्याएं हो रही हैं और हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, वही इस सबके मास्टरमाइंड हैं। हसीना ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमलों के लिए भी यूनुस सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने देश की व्यवस्था को पटरी से उतार दिया है।

**योजना के तहत कराई गईं सामूहिक हत्याएंः** शेख हसीना ने कहा, 'पांच अगस्त के बाद से अल्पसंख्यकों, हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के पूजा स्थलों पर हमले बढ़ गए हैं। हम इसकी निंदा करते हैं, नए शासन में जमात और आतंकवादियों को खुली छूट मिल गई है। हसीना ने कहा कि यूनुस ने सुनियोजित योजना के तहत



सामूहिक हत्याएं कराई हैं। हसीना का यह बयान हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच आया है। शेख हसीना को इस साल अगस्त में भारी विरोध प्रदर्शन के बाद पीएम पद और बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था और फिलहाल वह भारत में रह रही हैं।

**बहुत से लोग मारे जातेः** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लंदन में हो रही पार्टी मीटिंग को ऑनलाइन ज्वॉइन किया था। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। हसीना ने कहा कि अगर वह सत्ता में बने रहने की कोशिश करतीं तो और खून खराबा होता। हसीना ने कहा, 'लोगों को मारा जा रहा था तो मैंने फैसला किया कि मैं चली जाऊंगी, मुझे सत्ता में रहने की जरूरत नहीं है। अगर सुरक्षाकर्मियों ने गोली चला दी होती तो बहुत से लोग मारे जाते, मैं ऐसा नहीं चाहती थी।'

**फासीवादी शासन की चपेट में है बांग्लादेशः** शेख हसीना ने फोन के जरिए अपने संबोधन के दौरान कहा, 'बांग्लादेश अब एक फासीवादी शासन की चपेट में है, जहां लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म कर दिया गया है। गरीबी उन्मूलन और बुनियादी ढांचे के विकास, लोकतंत्र को मजबूत करने में हमारी सरकार की उपलब्धियां यूनुस के नेतृत्व में पानी फेरा जा रहा है।

**'कानून से कोई नहीं बच पाएगा' :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के लेकर हसीना ने कहा, "अगर असंवैधानिक रूप से सत्ता हथियाने वाली यूनुस सरकार ऐसे लोगों को सजा देने में विफल रहती है तो उसे भी मानवाधिकारों के उल्लंघन की सजा मिलेगी। आम लोगों के जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। हमारे देश को नुकसान पहुंचाने वाले हत्यारों और षड्यंत्रकारियों को बांग्लादेशी कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाएगा। जिस तरह हमने युद्ध अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की थी, आज के अपराधियों के खिलाफ भी उसी तरह न्याय होगा। कानून से कोई भी बच नहीं पाएगा।

### 'मेरी हत्या कर दी जाती'

हसीना ने आगे कहा कि हथियारबंद भीड़ गणभवन (बांग्लादेश के पीएम हाउस) में आई थी और मेरी भी मेरे पिता मुजीबुर्रहमान की तरह हत्या करने की योजना थी। ऐसे में मुझे ढाका छोड़ना ही उस समय ठीक लगा। उन्होंने कहा कि मैं लोगों की जिंदगियों के लिए बांग्लादेश से आई लेकिन आज मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया जा रहा है।

## सोने का भंडार, डॉलर और यूरो में कमाई, सीरिया के भगोड़े राष्ट्रपति की संपत्ति जान उड़ जाएंगे होश



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** सीरिया में छिड़े गृह युद्ध के बीच राष्ट्रपति बशर अल–असद देश छोड़कर भाग गए हैं, उनके रूस में होने की बात कही जा रही है। असद के पास इतनी संपत्ति है जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। कहा जा रहा है कि वो अपने साथ कई किलोग्राम सोना लेकर रूस चले गए हैं। उनकी संपत्ति के बारे में कहा जा रहा है कि उनके पास 200 किलो सोना, लग्जरी कारों का जखीरा और काफी संख्या में डॉलर और यूरो मौजूद था। अशरफ गनी की तरह ही ये नहीं कहा जा सकता कि अल–असद कितना पैसा लेकर भागे हैं कहा नहीं जा सकता है।

**कितनी है असद की संपत्ति :** देश के लोग भले ही दाने दाने के मोहताज रहे हों, राष्ट्रपति बशर अल–असद का परिवार सीरिया का सबसे अमीर और शक्तिशाली परिवार है। सऊदी अखबार एलाव में ब्रिटिश खुफिया सेवा MI6 के हवाले ये बताया गया है कि साल 2023 तक बशर अल असद के परिवार की कुल संपत्ति 200 टन सोना, लग्जरी कारों का जखीरा, 16 बिलियन डॉलर और 5 बिलियन यूरो है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये कुल संपत्ति सीरिया के सात साल के टोटल बजट के बराबर है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियोः** सोशल मीडिया साइट पर वायरल हो रही तस्वीरों में देखा जा सकता है कि राष्ट्रपति असद के पास लग्जरी कारों का जखीरा है, जिसमें कन्वर्टिबल से लेकर स्पोर्ट्स कार और ऑफ रोड कारें भी शामिल है। सीरिया की लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल–असद के गाड़ियों के गैराज में ऑडी और फेरारी की बात कौन करे, उनके पास रोल्स रॉयस फैंटम, एस्टन मार्टिन ऊ७, फरारी एफ40, फरारी एफ430, मर्सिडीज बेंज एसएलएस एएमजी, ऑडी आर 8 शामिल हैं। सिर्फ इतना ही नहीं दर्जनभर से ज्यादा मर्सिडीज बेंज कूप और कई बीएमडब्ल्यू और फेरारी एफ 40 है जिसकी एक कार की कीमत अकेली 3 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है।

## पहले ललन सिंह और अब संजय झा, 'बुर्के' को लेकर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के अंदर क्यों मची है खलबली?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ट फैक्टर यानी मुस्लिम वोट बैंक हासिल करने को लेकर जेडीयू में खलबली मची हुई है. पार्टी के बड़े नेता अब हर फोरम पर खुलकर मुस्लिम वोट जेडीयू को नहीं मिलने की बात करने लगे हैं. कुछ दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुस्लिम वोट को लेकर मुजफ्फरपुर में बड़ा बयान दिया था. अब संजय झा ने सीमांचल में मुस्लिम वोट नहीं मिलने पर घुमाकर जवाब दिया है. वहीं, सीमांचल से आने वाले नीतीश कैबिनेट के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा है कि मुस्लिम समाज के लोग भी जेडीयू को वोट देते हैं. ऐसे में सवाल



उठता है कि जेडीयू के अंदर आखिर मुस्लिम वोट बैंक को लेकर क्यों हायतौबा मची है? क्यों अभी तक सीएम नीतीश कुमार ने खुद किसी सार्वजनिक मंच से इस तरह का बयान नहीं दिया है? आखिर नीतीश कैबिनेट के कद्दावर नेता जमा खान को क्यों कहना पड़ा कि मुस्लिम समाज भी जेडीयू को वोट करती है? क्या यह नीतीश कुमार की ही तो रणनीति नहीं है?

आपको बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर आरजेडी के साथ–साथ अब जेडीयू भी जोर–शोर से जुट गई है. जेडीयू राज्य के हर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए लोगों के मुड को टटोल रही है. इस कड़ी में रविवार को जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह ने सीमांचल में कार्यकर्ता सम्मेलन में ऐसा बयान दिया, जो सीधे मुस्लिमों की तरफ इशारा कर रहा है. संजय झा ने अल्पसंख्यक वाटरों को लेकर कहा, देखिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर आगे बढ़ रहा है. नीतीश कुमार के राज में बिहार में कभी भी कर्फ्यू नहीं लगा. नीतीश कुमार ने सबके लिए काम किया. लेकिन, जिन्होंने वोट नहीं भी दिया है और लगता है कि नीतीश कुमार ने काम किया है और आपकी सेवा की है तो अब अपील करते हैं कि इस बार आप नीतीश कुमार को वोट दें। संजय झा ने कहा, नहीं मिलता है तभी तो विपक्ष को वोट मिलता है. देखिए, नीतीश कुमार ने बीजेपी के साथ मिलकर ही बिहार का विकास किया।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के 'कठमुल्ला' वाले बयान पर नगीना से एम पी चंद्रशेखर भड़के, राष्ट्रपति मुर्मू से संज्ञान लेने की मांग की

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता पर बोलते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव ने विवादित बयान दिया है. शेखर कुमार यादव ने कहा कि शब्द गलत हैं. लेकिन 'कठमुल्ला' देश के लिए घातक हैं. लेकिन कहने में गुरेज नहीं हैं. वे जनता को बिगड़ने वाले लोग हैं. ऐसे लोगों को से सावधान रहने की जरूरत हैं. क्योंकि वे नहीं चाहते हैं कि देश आगे बढे. जज शेखर कुमार यादव के बयान का नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने विरोध जताया है. चंद्रशेखर आजाद ने जज शेखर कुमार यादव के वीडियो को पोस्ट कर लिखा, प्रयागराज, यूपी में विश्व हिन्दू



परिषद के कार्यक्रम में हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव का बयान न्यायिक गरिमा, संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और समाज में शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी का गंभीर उल्लंघन है।

वहीं आगे आजाद ने लिखा कि 'कठमुल्ला' जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है. ऐसे बयान समाज में सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देते हैं, जो न्यायपालिका जैसे पवित्र संस्थान के लिए अक्षम्य है.एक न्यायाधीश का कर्तव्य है कि वह अपने शब्दों और कार्यों के माध्यम से समाज को एकजुट करे, न कि वैमनस्य को बढ़ावा दे. ऐसे बयान न्यायपालिका की साख को कमजोर करते हैं और जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाते हैं. न्यायाधीश का धर्म केवल न्याय होना चाहिए, न कि किसी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह. महामहिम को टैग कर लिखा महोदया जी,संज्ञान ले।

जस्टिस शेखर कुमार यादव के बयान का कांग्रेस नेता शाहनवाज आलम ने विरोध जताया है. शाहनवाज आलम ने कहा कि जस्टिस शेखर कुमार यादव और जस्टिस दिनेश पाठक किसी गैर सरकारी और गैर विभागीय मंच पर कैसे जा सकते हैं. यह न्यायाधीशों के कोड ऑफ कंडक्ट के खिलाफ है. जिसपर सुप्रीम कोर्ट को खुद संज्ञान लेकर इन दोनों न्यायाधीशों को पद से हटा देना मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी है जिसको निभा पाने में वो असफल दिख रहे हैं।

## सोनिया के खासम खास लालू ने राहुल गांधी को आईना क्यों दिखाया?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** आज राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाकर गांधी परिवार को आईना दिखाने का काम किया है. दरअसल लालू यादव इंडी गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता हैं और उनकी बात को लोग गंभीरता से लेते हैं. कम से कम गैर भाजपा सोच वाले जितने भी दल हैं, उन्हें पता है कि लालू यादव बीजेपी के खिलाफ फ्रंट बनाने में कितनी मजबूती सें खड़े रहे हैं. आज सबके सामने लालू यादव ने कई कयासों से पर्दा उठा दिया है।

लालू का बयान सोचा समझा बयान है. सवाल ये है कि गांधी परिवार इस बयान को कैसे लेता है. आज राहुल गांधी को लेकर इंडी एलायंस के लोग हताश और निराश हो चुके हैं. पहले ही ममता दीदी और रामगोपाल यादव ने खुलकर राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठाया अब आखिरी कील ठोकने के बारी थी लालू यादव की. इस बयान के बाद इंडी गठबंधन में दरार पक्की हो चुकी है. भारत जैसे एक महान लोकतंत्र में राहुल गांधी को 2014, 2019 और 2024 में विपक्ष की अगुवाई करने स्वर्ण अवसर मिला. लेकिन, राहुल गांधी अवसर को भुना नहीं पाए. हार दर हार के बाद भी सोनिया गांधी ने पुत्र मोह में बार बार राहुल को आगे किया।

हार के बाद लोग आत्मचिंतन करते हैं. लेकिन, कांग्रेस के अंदर इस तरह की कोई परंपरा ही नहीं है. अब तो विपक्ष ने राहुल को अकेला छोड़ने का मन बना लिया है. अभी भी समय है इंडी गठबंधन के लोग मुद्दों की राजनीति करें. शायद विपक्ष के सभी नेता नहीं चाहते कि इंडी



गठबंधन की छवि हिंदू विरोधी बने. इस बात को कई कांग्रेसी नेताओं ने माना है. इस समय कांग्रेस नेता राहुल का व्यवहार उस ठॅड की एक्टिविस्ट की तरह हो गया है जिसे चुनावी फायदे और घाटे से कोई लेना देना नहीं है. राहुल गांधी की ऊर्जा और आम लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता के सभी कायल हैं. लेकिन, जिस मैच्योरिटी की अपेक्षा संसद में विपक्ष के नेता से की जाती है वह उनके अंदर नहीं दिख रही होती है।

**विधानसभा चुनाव में ज्यादा समय नहींः** राहुल गांधी कई मौकों पर पर यूट्यूबर की भूमिका में आ जाते हैं, कभी कूली का बिल्ला पहन लेते हैं तो कभी प्रधानमंत्री मोदी को लेकर स्तरहीन मसखरी करते नजर आते हैं. अच्छा है इंडी गठबंधन विपक्ष की भूमिका को लेकर सचेत हो रहा है क्योंकि 2024 में एनडीए के फीके प्रदर्शन के बाद भी बीजेपी ने हरियाणा और महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण जीत हासिल की. बता दें, अब 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव है, समय ज्यादा शेष नहीं है।

### क्यों असहज हो रहे लालू–अखिलेश?

लालू के दांव से कांग्रेस बिहार में अब ज्यादा उछल कूद नही कर सकेगी, इतना तय है. राहुल पिछले कुछ समय से अल्पसंख्यकों के मध्य आउटरीच बढ़ा रही है. साथ ही आरक्षण को ले सारा क्रेडिट लेने की कोशिश भी कर रही है. शायद इससे भी लालू और अखिलेश जैसे नेता थोड़े असहज हो रहे हैं जिनकी राजनीतिक बुनियाद ही जाति के इर्द गिर्द घूम रही है।

## बिहार सीएम नीतीश की 'महिला संवाद यात्रा' पर लालू यादव की विवादित टिप्पणी, बोले-'आंख सेंकेंगे और कुछ नहीं'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना ।** बिहार में आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर विवादित टिप्पणी की है। जिसके बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। लालू ने कहा है कि– 'वो आंख सेंकेंगे और कुछ नहीं'।

आपको बता दें, देश की राजनीति में लालू यादव के बयान काफी चर्चाओं में रहते हैं। मंगलवार को एक ओर जहां लालू यादव ने विपक्ष के इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को लेकर बंगाल सीएम ममता बनर्जी को अपना समर्थन देते हुए कहा है कि, 'ममता को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व मिलना चाहिए, कांग्रेस के विरोध से कुछ नहीं होगा।₹ वहीं दूसरी लालू



यादव ने बिहार सीएम नीतीश की 'महिला संवाद यात्रा' पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा है कि, ₹वो आंख सेंकेंगे और कुछ नहीं₹। लालू यादव के इस बयान ने एक नया विवाद छेड़ दिया है। गौरतलब है, साल 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसी के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों की चुनावी तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में बिहार उट नीतीश कुमार भी 15 दिसंबर को महिला संवाद यात्रा करने जा रहे हैं।

## आगे की कुर्सी पर सीएम हेमंत के साथ इन पांच मंत्रियों को मिली जगह, विपक्ष की सीट भी फाइनल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** झारखंड में छठी विधानसभा में सत्ता पक्ष में मुख्यमंत्री के अलावा मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, दीपक बिरूवा, हफीजुल हसन तथा संजय प्रसाद यादव को अग्रिम पंक्ति में स्थान दिया गया है। संसदीय कार्य मंत्री के रूप में राधाकृष्ण किशोर के लिए मुख्यमंत्री के बगल में सीट सुरक्षित की गई है।

मंत्रियों के अलावा रबींद्रनाथ महतो, मथुरा महतो, हेमलाल मुर्मू, उदयशंकर सिंह की सीट पर भी अग्रिम पंक्ति में है। सत्ता पक्ष में सुरेश पासवान, रामचंद्र



सिंह, रामेश्वर उरांव, प्रदीप यादव को भी अगली पंक्ति में स्थान दिया गया है। विपक्ष में बाबूलाल मरांडी, सरयू राय, चम्पाई सोरेन, नीरा यादव, सीपी सिंह को अगली पंक्ति में सीट निर्धारित की गई है। स्पीकर निर्वाचित होने के बाद रबींद्रनाथ महतो की जगह पर स्टीफन मरांडी बैठेंगे। कल्पना सोरेन के लिए दूसरी पंक्ति में लुईस मरांडी के साथ सीट निर्धारित की गई है।

**प्रोटेम स्पीकर ने अपने संबोधन में बताई स्पीकर के निर्वाचन की प्रक्रियाः** प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा में अपने संबोधन में विधानसभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया से भी विधायकों को अवगत कराया। उन्होंने छठी विधानसभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन और जोहार करते हुए कहा कि विधानसभा के नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–8 के उप नियम (1) के आलोक में विधानसभाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 10 दिसंबर (मंगलवार) की तिथि निर्धारित की है। इस क्रम में उन्होंने विधानसभाध्यक्ष पद के नामांकन से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी दी।प्रोटेम स्पीकर ने बताया कि सोमवार को ही मध्याह्न से पहले कोई भी सदस्य किसी सदस्य को सभा का अध्यक्ष चुने जाने के प्रस्ताव की सूचना सचिव को देगा तथा उस सूचना का अनुमोदन एक तीसरा सदस्य करेगा।कोई सदस्य अपना स्वयं का नाम प्रस्तावित नहीं करेगा ।

## असद के भागते ही मुश्किलों में घिरा सीरिया, अमेरिका व इजरायल के बाद अब तुर्किए ने भी किया हमला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**सीरिया।** सीरिया में बशर अल–असद सरकार का पतन हो चुका है। असद के देश से भागने के बाद सीरिया मुश्किलों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। सीरिया में पहले अमेरिका ने बम बरसाए फिर इजरायल ने रॉकेट से हमले किए। अब तुर्किये भी इसमें पीछे नहीं रहा है। तुर्किये ने ड्रोन ने पूर्वी सीरिया के कई इलाकों में हमले किए हैं जिसमें छह बच्चों सहित 12 नागरिक मारे गए हैं। तुर्किये की फोर्स ने सीरिया के उत्तरी इलाके मनबिज पर कब्जा भी कर लिया है।

**तुर्किये ने आतंकियों का किया**



**सफायाः** बता दें कि, कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स ने 2016 में क्रक्र को हराकर मनबिज पर कंट्रोल हासिल किया था। मनबिज में रुअ की हार के बाद कुर्द लड़ाकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अमेरिका और तुर्किये के बीच सोमवार को समझौता हुआ है। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति ने इस जीत पर कहा कि वो मनबीज से 'आतंकियों' के सफाए से खुश हैं।

**क्या बोले तुर्किये के विदेश मंत्री? :** तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने सीरिया में एक नए युग की उम्मीद जताई है, जिसमें जातीय और धार्मिक समूह एक समावेशी सरकार के तहत शांतिपूर्वक रह सकेंगे। उन्होंने इस्लामिक स्टेट या कुर्द लड़ाकों को स्थिति का फायदा उठाने की अनुमति ना देने की चेतावनी देते हुए कहा कि तुर्किये सीरिया को 'आतंकवाद के लिए पनाहगाह' बनने से रोकेगा। इससे पहले इजरायल के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा था कि इजरायली बलों ने सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियार ठिकानों और लंबी दूरी के रॉकेटों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया है ताकि ये शत्रुओं के हाथ ना लग सकें। विदेश मंत्री गिडिअन सार ने कहा था, ''हमारा एकमात्र हित इजरायल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है।''

**अमेरिका ने की बमबारीः** इससे पहले अमेरिका ने मध्य सीरिया में आतंकवादी संगठन क्रक्र के ठिकानों पर 75 से ज्यादा हवाई हमले किए थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस हमले में इ–52 बॉम्बर और ा–15ए फाइटस जेट्स का इस्तेमाल हुआ था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कौआकोल : वंशीधर व्रजवासी के प्रचंड जीत पर नियोजित शिक्षकों ने जताई खुशी

**कौआकोल (नवादा)।** तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव के बाद मंगलवार को घोषित परिणाम में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर बिहार परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष वंशीधर ब्रजवासी की हुई प्रचंड व अप्रत्याशित जीत पर प्रखण्ड के शिक्षकों में काफी खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने कहा कि वंशीधर व्रजवासी की यह जीत ने निश्चित रूप से राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों की मान सम्मान का रक्षा की है और राज्य सरकार के शिक्षकों के विरुद्ध दमनात्मक नीति पर करारा तमाचा मारने का काम किया है। नियोजित शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रीतम कुमार,कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव दिनेश कुमार,उपाध्यक्ष संजीव कुमार,सक्रिय सदस्य प्रकाश कुमार यादव,अनुज प्रसाद यादव,नंद किशोर प्रसाद यादव,अरुण कुमार,दिवाकर प्रसाद,मोहम्मद फिरोज सहित दर्जनों शिक्षकों ने वंशीधर व्रजवासी की जीत पर तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए नवनिर्वाचित एमएलसी को बधाई दिया है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 244 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य का किया गया जांच



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व 244 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य का जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में किया गया है। चार महिलाओं को एनीमिया पाया गया है। पांच महिलाओं को लो बीपी तथा दो महिलाएं हाई बीपी से ग्रसित पाया गया है।इस दौरान गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, यूरिन टेस्ट, सिफलिस, गर्भस्थ शिशु की बढ़त आदि की जांच की गई है। उन्हें आवश्यक खान-पान तथा सरकार द्वारा उपलब्ध निशुल्क सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, डॉ अजय चौधरी, चिकित्सक डॉक्टर संतन कुमार, डॉक्टर ओम प्रकाश, ए एन एम रंजीता चौधरी,पिंकी कुमारी, सुषमा कुमारी,बिम्पी कुमारी,रंजना कुमारी, सुमन कुमारी, रीता कुमारी, अलका भारती, पिंकी भारती, राजमंती कुमारी, कंचन कुमारी, जे एन एम कृष्ण अवतार, कुशराम भैरवा,एल टी पंकज कुमार, फार्मासिस्ट खुशबू राजा, जगत मांझी इत्यादि उपस्थित थे।

### पकरीबरावां के मलेपुर गांव में एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव बरामद

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** हत्या है या आत्महत्या पुलिस कर रही मामले की जांच रविवार की देर रात्रि को पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के मलेपुर गांव से एक संदिग्ध अवस्था में शव बरामद किया है मृतक की पहचान नंदलाल चौहान के पुत्र बंदे चौहान के रूप में की गई है उपरोक्त तथ्य की जानकारी प्रदान करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मलेपुर गांव में एक युवक का शव पड़ा हुआ है जिसके बाद पुलिस गांव पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया एवं पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को शव सौंप दिया है उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी प्रियंशा देनी के द्वारा अपने पड़ोसी पर खाना में जहर देकर हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाई है ।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### उप विकास आयुक्त ने गोबर गैस प्लांट का किया निरीक्षण

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावां।** पकरीबरामा के बीडीओ को कई आवश्यक निर्देशसोमवार को उप विकास आयुक्त प्रियंका कुमारी ने पकरीबरावां प्रखंड के एरूरी पंचायत के रेवार गांव में निर्मित गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण किया इस दौरान पाया गया कि उक्त प्लांट से मात्र दस लोगों को ही फिलवक्त कनेक्शन दिया गया है जो लक्ष्य से बहुत ही कम है उन्होंने कुल 50 लोगों को उक्त गोबर गैस प्लांट से कनेक्शन दिए जाने का निर्देश दिया एवं कहा कि हर हाल में यह प्लांट नियमित रूप से चालू रहे इसका पूरा ख्याल रखें इसे अवसर पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार ,मुखिया विनय कुमार ,सरपंच रूपेश कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

# नवादा : मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज

**सर जगदीश चंद्र बोस जयंती पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**





सुनील कुमार

**नवादा ।** मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ के बहुउद्देशीय सभागार में भारत के विख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के सम्मान में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें वर्ग षष्ठ से वर्ग दशम तक के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। विज्ञान शिक्षकों के कुशल निर्देशन में छात्रों ने विज्ञान के एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किया।दसवीं की छात्रा कृतिका दांगी द्वारा प्रस्तुत फायर फाइटिंग रोबोट, नवम के छात्र केशव के द्वारा प्रस्तुत ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम,अष्टम के छात्रा श्वेता रानी एसिड रेन मॉडल आदि को लोगों ने खूब सराहा।सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल से सबों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से देश के हर क्षेत्र में परचम लहराना है। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मॉडर्न शैक्षिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, प्राचार्य योगलाल चौधरी, उपप्राचार्य सायन मुखर्जी निर्णायक समिति के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक बी०एन० झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने सभी विज्ञान मॉडलों को बारी-बारी से देखा और उसकी उपयोगिता के बारे में पूछा जिसका वर्णन बच्चों ने पूरे उत्साह तथा उसकी जानकारी के साथ दिया। डॉ अनुज ने बच्चों के वैज्ञानिक सोच की भूरि भूरि प्रशंसा की और उसके मनोबल को बढ़ाते हुए जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं की योग्यता एवं परिश्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होने की बात कही। इस दौरान निर्णायक समिति के सदस्य विनोदानंद झा, सायन मुखर्जी, विज्ञान शिक्षक गोपाल कृष्ण, पंकज पांडे, अरविंद गुप्ता, एस०के० रंजन आदि मौजूद रहे।

# इकबालनगर नाला का स्थल निरीक्षण नगर आयुक्त द्वारा किया गया



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** नगर आयुक्त, गया नगर निगम द्वारा इकबालनगर नाला का स्थल निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में इकबाल नगर नाला का प्रारंभ बिंदु पंचायती अखाड़ा रेलवे पुल के नीचे एवं नाला के विभिन्न जगहों पर संकीर्ण हुए नाला के बहाव के बंद होने वाले स्थलों का भी निरीक्षक किया गया है ।सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नाला में पानी का जल बहाव सुनिश्चित कराएं। समय समय पर नाला की सफाई कराएं एवं इसका रख रखाव सुनिश्चित कराएं। कंडी नवादा स्थित चिल्ड्रन पार्क के पीछे नव निर्मित छात्रावास के पास इकबालनगर नाला का निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि छात्रावास के गेट के पास नाला में दो हम पाइप डालकर ऊपर से ढलाई कर दिया गया है। जिससे माला के पानी का बहाव आगे रुक सकता है एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस आलोक में सहायक अभियंता को इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी को पत्र देने का निर्देश दिया गया है। नाला के पक्कीकरण के लिए भी विमर्श किया गया है। यह नाला बड़ा होने के कारण निर्माण के लिए बड़ी योजना है ।स्थानीय वार्ड पार्षद को बताया गया कि निगम के द्वारा इस योजना की अनुशंसा मुख्यमंत्री शहरी समग्र योजना की कमिटी को की गई है। कमिटी में विधायक प्रभारी मंत्री के अनुशंसा से योजना चयन किया जाना है ।यह नाला महत्वपूर्ण है क्योंकि एक तरफ पार्क है एवं एक तरफ छात्रावास है ।एवं शहर के 30 प्रतिशत नाली का पानी इस नाला के माध्यम से ही निकलता है।

## महिला महाविद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक सभा हुई आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज स्थित महिला महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग के अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रो नागेंद्र प्रसाद की आकस्मिक निधन से महाविद्यालय परिवार में शोक व्याप्त हो रहा है ।इस बाबत सोमवार को महाविद्यालय परिसर में प्रभारी प्राचार्य डा अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षको एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा शोक सभा आयोजित कर स्व प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर प्रो रविंद्र कुमार निराला,प्रो अंजनी कुमार पप्पू,प्रो. सुनील कुमार,प्रो प्रवीण कुमार,प्रो निभा कुमारी,कर्मी ललिता कुमारी,ज्ञानती कुमारी,राजकुमारी देवी,अरुण कुमार, सुनील कुमार,महेंद्र सिंह,विकाश कुमार,नीतीश कुमार,सच्चिदानंद सिंह आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया।

## शेखपुरा में पराली जलाने के आरोप में दो वर्ष में 32 किसानों का डीबीटी योजना से रजिस्ट्रेशन को किया गया रद्द, आम किसानों से पराली नहीं जलाने की कृषि विभाग ने अपील की

लोकतंत्र की आवाज



**शेखपुरा।** जिले के बरबीघा क्षेत्र में इन दिनों खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि किसानों को पराली जलाने से होने वाले दीर्घकालिक नुकसान के बारे में पर्याप्त जागरूकता नहीं है। पराली जलाने से केवल पर्यावरणीय संकट ही उत्पन्न नहीं होता, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरक क्षमता को भी नष्ट कर देता है। पराली जलने से भूमि की प्राकृतिक उर्वरक शक्ति में कमी आती है, जिससे भविष्य में कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके अलावा, जलने से उत्पन्न होने वाला धुंआ और हानिकारक गैसें वायुमंडल को प्रदूषित करती हैं, जो मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकती हैं। पराली जलाने के कारण खेतों में मौजूद कार्बनिक पदार्थों की प्राकृतिक रूप से सड़ने की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है, जो मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए आवश्यक होती है। इसके परिणामस्वरूप, आगामी फसल की वृद्धि और उत्पादन में कमी हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों को कड़ी निगरानी और सतत जागरूकता अभियान की आवश्यकता है।किसानों को यह समझाने की आवश्यकता है कि पराली जलाने से तात्कालिक लाभ हो सकता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक परिणाम उन्हें और उनके खेतों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसके बजाय, उन्हें पर्यावरण-ऋॢील्ली'८ विकल्पों जैसे कि पराली को खाद में बदलने, उसे जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करने, या उसे पशु आहार के रूप में इस्तेमाल करने की जानकारी दी जानी चाहिए।सरकार, गैर सरकारी संगठनों और कृषि विशेषज्ञों को मिलकर किसानों के बीच यह जागरूकता फैलानी चाहिए कि कैसे पर्यावरण को बचाते हुए, वे अपनी कृषि भूमि की उपजाऊ शक्ति को बनाए रख सकते हैं। यदि इस दिशा में कदम उठाए जाएं, तो न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण कम होगा, बल्कि किसानों को भी दीर्घकालिक लाभ होगा।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के स्थापना दिवस हम सभी के लिए एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर है

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन प्रदेश कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी मे गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होकर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के किए गए कार्यों को सराहा और बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्राने कहा राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का स्थापना दिवस हम सभी के लिए एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर है। यह दिन हमें हमारे संविधान और मानवाधिकारों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। संगठन ने अपनी स्थापना से ही समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में संगठन ने न केवल समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया है, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में भी अथक प्रयास किए हैं। डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में संगठन ने विभिन्न स्तरों पर मानवाधिकार संरक्षण हेतु प्रभावशाली कदम उठाए हैं, जिनमें जागरूकता अभियान, कानूनी सहायता, और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्य शामिल हैं।यह संगठन समाज के वंचित और शोषित वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की रक्षा करता है। यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति सम्मान, समानता और स्वतंत्रता के साथ जीवन व्यतीत कर सके।इस शुभ अवसर पर, मैं संगठन के समर्पित सदस्यों और पदाधिकारियों को उनकी मेहनत और प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही, संगठन की प्रगति और इसकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा यह संगठन मानवाधिकारों की रक्षा और समाज में न्याय, समानता एवं सम्मान की स्थापना के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह कहां डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के कुशल नेतृत्व और अथक प्रयासों से संगठन ने अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जो समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं। आपके समर्पण और दृष्टिकोण से संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद है। आपके नेतृत्व में मानवाधिकारों की रक्षा का यह मिशन निरंतर आगे बढ़े और नई उपलब्धियां हासिल करे। स्थापना दिवस के अवसर पर आए हुए अतिथियों को गुलाब का फूलएवं अंग वस्त्र देकर कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह के द्वारा किया गया है ।इस अवसर पर राणा रँजीत सिंह के द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया है इस अवसर पर डॉ मनीष पँकज मिश्रा, राणा रँजीत सिह,राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता महिला प्रमुख सारिका वर्मा शर्मिला देवी सोनम कुमारी आशा देवी पूनम देवी संजय यादव मंटू कुमार सुरेंद्र प्रजापत सहित मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वारिसलीगंज : बिहार ग्रीड कम्पनी लिमिटेड द्वारा चिन्हित विद्यालयों को मिलेगा बुक सेल्फ व आलमीरा

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** बिहार ग्रीड कम्पनी लिमिटेड शेखोपुरसराय उपकेन्द्र बैनर तले सामाजिक एवं सामुदायिक सहभागिता व उत्तरदायित्व के तहत आलमीरा तथा बुक-सेल्फ के आवंटन हेतु दीपक कुमार (प्रबंधक), तनवीर आलम (अभियंता), सुमन सौरभ (अभियंता), सरवन कुमार (कनिय अभियंता), चंदन कुमार (कनिय अभियंता) द्वारा ₹टीबीटी द हिस्ट्री मेकर्स₹ के कोषाध्यध्यक्ष सह सहायक शिक्षक अरविन्द कुमार एवं त्रिपुरारी शरण के नेतृत्व में जिले के मध्य विद्यालय जमुआवॉ, बाली देवनबीघा, प्रा. विद्यालय चांदपुर, जगदीशपुर इत्यादि दर्जनों विद्यालय का भ्रमण कर चिन्हित किया गया। इस दरम्यान विद्यालय में उपस्थित शिक्षिका दीपिका मोहंती एवं नेहा कुमारी ने बताया कि शिक्षक अरविन्द के कुशल नेतृत्व में विद्यालय ने जिला व राज्य स्तर पर दर्जनों बार अपनी पहचान स्थापित किया है, फिलहाल अस्वस्थ हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और ऐसी विषम परिस्थिति में भी इनके द्वारा बच्चों के हित में किया जाने वाला यह सेवा भाव वंदनीय है। विद्यालय परिवार इनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करता है। शिक्षक चन्दन कुमार ने कहा कि विद्यालय के चहुमूंखी विकास के लिए आज हरेक विद्यालय में एक अरविन्द कुमार की आवश्यकता है।

# वारिसलीगंज : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर में 309 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य की जांच कर दी गई आवश्यक दवाईयां

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज माफीगढ़ स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर आयोजित की गई। जिसमें नगर व प्रखंड क्षेत्र से जांच के लिए पहुंची 309 गर्भवतियों की विभिन्न प्रकार की जांच उपरांत आवश्यक दवाईयां एवं सुझाव दिए गए।सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरती अर्चना के नेतृत्व में आयोजित शिविर का सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जांच कराने पहुंची गर्भवतियों से पूछताछ की गई तथा गर्भावस्था में गंभीर रोगों से ग्रसित व ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को नवादा रेफर करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने का सलाह दी गई। साथ ही नजदीकी आशा कर्मी और एंबुलेंस का नंबर साथ रखने को कहा गया।गर्भवती माताओं को चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर तुरंत अपने नजदीकी आशा कर्मी या एंबुलेंस चालक को सूचित करें।रेफरल अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज सोमवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित हुआ।अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 309 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य की जांच की गई।इस दौरान डॉ. गौरव कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. सरिता कुमारी एवं डॉ अशोक कुमार, ने उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को वजन, वीपी तथा ब्लड आदि की निःशुल्क जांच और दवा दी गई है ।वही कैंप में जांच के दौरान हाई रिस्क से पीड़ित 30 गर्भवती महिला एवं एनीमिया से पीड़ित 13, हाय बीपी से एक, शुगर से आठ, हेपेटाइटिस से चार,जटिल प्रसव समस्या से 04 गर्भवती महिला एवं हाइपोथायराइज्ड की 1, एलएससीएस की 06 तथा 11 अन्य बीमारी से पीड़ित को चिन्हित कर जांच कर आवश्यक दवा एवं सलाह दिया गया ।कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की टेबलेट लेने की सलाह दी गई। वहीं गर्भवती महिलाओं को एक महीने तक की दवाइयां निःशुल्क दिया गया। गर्भवती महिलाओं को निर्धारित समय पर जांच कराने, संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों,परिवार नियोजन,वाहन सुविधा तथा जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। सभी गर्भवतीयों का रक्त जांच एवं यूरिन जांच का सैंपल लिया गया ।कहा गया कि यह कार्यक्रम केंद्र में प्रत्येक माह 9 और 21 तारीख को आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच कर दवा उपलब्ध कराया जाता है ।मौके पर नवादा के सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल शिविर में जांच करते देखे गए। एवं शिविर में हाय रिक्स से पीड़ित गर्भवती महिला को सिजेरियन ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर सदर अस्पताल रेफर करने हेतु निर्देशित किया ।वहीं बीसीएम रेणुका कुमारी, बीएचएम अजय कुमार, जीएनएम कल्पना कुमारी, गायत्री कुमारी,पुष्पा कुमारी, लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, फैमली प्लानिंग वर्कर मुकुल शर्मा, एकाउंटेंट कुमुद भारती, सत्यम कुमार,चन्दन कुमार सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।बता दें कि नवादा जिले के स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट योगदान के लिए डा. आरती अर्चना एवं सीएचसी के कर्मचारियों को उच्चाधिकारियों द्वारा कई सम्मान से सम्मानित किया गया है ।वारिसलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती अर्चना के मेहनत से आज वारिसलीगंज के सभी अस्पताल ऊंचाइयां हासिल कर रही है ।मरीजों को काफी सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

## कुटरी में शिविर लगाकर बिजली से संबंधित शिकायतों का हुआ निपटारा



लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज प्रखंड में विद्युत संबंधी शिकायतों के निष्पादन को लेकर सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। कुटरी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित शिविर में कई समस्याओं का निष्पादन किया गया। कनीय अभियंता राहुल कुमार की देखरेख में शिविर आयोजित हुआ। मौके पर कई लोगों की शिकायतों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया तो कुछ आवेदनों के आलोक में जांच के बाद निष्पादन का आश्वासन दिया गया। 10 लोगों ने विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन दिया ।पांच विद्युत विपत्रों से सम्बंधित शिकायतों का निबटारा किया गया। उपभोक्ताओं से 10654 रुपये नकद राजस्व संग्रह किया गया ।कनीय अभियंता ने बताया कि आगे भी प्रखंड के पंचायतो में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी काला फीता बांध करेंगे काम, समिति ने सरकार से की हस्तक्षेप की अपील



रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मियों और अभियंताओं ने मंगलवार को काला फीता बांधकर काम करने का फैसला किया है जो बिजली के दो डिस्कॉम के प्रस्तावित निजीकरण के खिलाफ है। इसको लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से निजीकरण की प्रक्रिया रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से निजीकरण की प्रक्रिया रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजीव सिंह ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा और आगरा के विफल प्रयोगों की समीक्षा किये बिना प्रदेश में निजीकरण का कोई और प्रयोग न किया जाए।

### बिजनौर सहन नहीं किया जाएगा हिंदू समाज पर अत्याचारः विधायक ओमकुमार



**बिजनौर।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आज जनपद बिजनौर के हिंदू समाज के हजारों लोगों ने बिजनौर में प्रदर्शन किया प्रदर्शन के साथ ही नुमाइश ग्राउंड में विराट जनसभा भी आयोजित की गई जिसमें जन प्रतिनिधियों में साधु संतों आदि ने संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए नहटौर भारतीय जनता पार्टी के विधायक ओम कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं जिसको हिंदू समाज किसी भी तरह से स्वीकार नहीं करेगा। क्योंकि हिंदू समाज अब पूरी तरह एकजुट हो चुका है। भाजपा विधायक ओम कुमार की धर्मपत्नी शोभा रानी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बांग्लादेश में लोगों जा रहा है जिसके चलते लगातार उन पर अत्याचार की घटनाएं हो रही है अब हिंदू समाज किसी कीमत पर भी शांत नहीं बैठेगा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज बिजनौर भी अभूतपूर्व रूप से बंद किया गया।

### देवकली में महिला एवं बाल सभा का आयोजन



घनश्याम तिवारी

**बलिय।** जिला प्रोवेशन अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल सभा का आयोजन पंचायत भवन देवकली में किया गया। हर्षवर्धन के द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा घरेलू हिंसा,बाल विवाह, बाल श्रम और संचालित विभिन्न का कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना सामान्य स्पान्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे प्राप्त होने वाले सुविधाओं तथा काउंसलर अंजली सिंह के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दिया गया। सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 1098 1076, 102, 108, 181 के बारे में भी समस्त छात्रों को बताया गया। कार्यक्रम में प्रधान अंजली राय, सचिव दिनेश सिंह, प्रधान प्रतिनिषधि रत्नाकर राय तथा वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह, बैजंतीमाला, रंजना और स्वयं सहायता समूह तथा महिलाएं उपस्थित रही।

# यूपी में अब पिस्टल और रिवॉल्वर भी ले सकेंगे अमीन, साइकिल भत्ता 300 से बढ़ाकर 1500 करने की तैयारी



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कार्यरत अमीन अब पिस्टल रिवॉल्वर सहित अन्य शस्त्रों भी ले सकेंगे। इस संबंध में राजस्व परिषद ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। राजस्व परिषद की स्थापना 1831 में प्रयागराज में की गई थी। उसके बाद से लेकर अभी तक अमीनों को सुरक्षा के मद्देनजर बंदूक का ही लाइसेंस दिया जाता था। राजस्व परिषद की स्थापना 1831 में प्रयागराज में की गई थी। उसके बाद से लेकर अभी तक अमीनों को सुरक्षा के मद्देनजर बंदूक का ही लाइसेंस दिया जाता था। भूमि के सर्वेक्षण से लेकर वसूली के तमाम काम अमीनों से करवाए जा रहे हैं। यही वजह है कि अमीन संघ की मांग पर राजस्व परिषद ने अब उन्हें बंदूक की बजाय अन्य शस्त्र का लाइसेंस देने की व्यवस्था लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। खास बात यह होगी कि इसके लिए अमीनों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होगा, बल्कि परिषद प्रबंधन की संस्तुति पर ही लाइसेंस जारी किए जाएगा। वहीं अमीनों से ज्यादा काम लेने के लिए परिषद ने उन्हें मिलने वाला साइकिल भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये करने की तैयारी शुरू कर दी है। लेखपालों को पहले से ही 1,500 वाहन भत्ता दिया जा रहा है। राजस्व परिषद वेतन का दस गुणा वसूली का लक्ष्य भी अमीनों को देने की तैयारी कर रहा है। इस बारे में अमीन संघ के महामंत्री सुभाष चंद्र सिंह व प्रांतीय प्रवक्ता सीके द्विवेदी ने बताया कि परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार के साथ बैठक में अमीनों की कई मांगें मानने पर सहमति बन गई है। इस संबंध में शासन से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

# लखनऊ में शहीद पथ पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की फ्लीट दुर्घटनाग्रस्त, आपस में टकराईं कई गाड़ियां



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के शहीद पथ पर मंगलवार की सुबह हमिाचल प्रदेश के राज्यपाल की फ्लीट हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की फ्लीट अमौसी एयरपोर्ट जा रही थी। तभी एक गाड़ी अचानक प्रोटोकॉल तोड़कर फ्लीट से टकरा गई। अचानक टक्कर के कारण एक के बाद एक कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला मंगलवार सुबह करीब आठ इंडिगो की फ्लाइट 6ई-146 से चौधरीचरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे। इसके बाद उनका काफिला राजभवन के लिए निकला। सुबह करीब साढ़े आठ बजे राज्यपाल का काफिला शहीदपथ पर लुलु मॉल के पास था। इस दौरान पीछे चल रहीं तीन गाड़ियां अनियंत्रित हो गईं और आपस में टकरा गईं। हादसे की वजह किसी गाड़ी के अचानक ब्रेक लगाने को बताया जा रहा है। इसी के बाद भिड़ंत हो गई। इन गाड़ियों में एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह व एलआइयू इंस्पेक्टर व अन्य सुरक्षाकर्मी सवार थे। दुर्घटना में सबको मामूली चोटें आईं। वहीं राज्यपाल के काफिले को आगे जाने दिया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले राजभवन और उसके बाद गोमतीनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना था। वहीं, घायल पुलिस कर्मचारियों को इलाज के लिए ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# बलिया : जिलाधिकारी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कार्यालय कक्ष में भारत स्काउट एंड गाइड की 06 माह की प्रवेश रेंजर्स कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली 11 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। छात्राओं ने आनंदी बाई जोशी रेंजर टीम, टाऊन इण्टर कॉलेज, बलिया में अपना कोर्स पूर्ण किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर नफीस अख्तर आजाद तथा रेंजर्स लीडर सुधा पाण्डेय उपस्थित रही।

# बिजनौर नगीना में यातायात विभाग के टी एस आई विनय कुमार शर्मा ने वाहन चालकों को किया जागरूक



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** यातायात पुलिस द्वारा चलाये गये सघन चैकिंग अभियान में टीएसआई विनय कुमार शर्मा ने जनपद में हो र रही दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान टी एस आई विनय कुमार शर्मा द्वारा सभी को यातायात सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट/चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करना, वाहनों को कभी भी तेज गति में न चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, हमेशा अपने बायें चलना, उतावलेपन से वाहन न चलाना, चौराहा पार करते समय पहले दाहिने व बांयें देखकर ही आगे बढ़ना, स्टंट बाइकिंग न करना, प्रेशर हार्न, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करना एवं सड़क पार करते हुए इधर उधर देखते हुए पार करना आदि महत्वपूर्ण यातायात नियम हैं जिनका पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा इन नियमों का सभी को अवश्य पालन करना चाहिए। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक यातायात नियमों का पालन करने के उद्देश्य से आज चेकिंग के दौरान चालान काटे गए तथा नगीना शहर के प्रमुख चौराहों अकबराबाद चौराहा, चित्तौड़गढ़ चौकी चौराहा, नगीना से हरेवाली रोड पर, रेलवे स्टेशन तुलाराम चौराहे पर जनता को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर उनके सहयोगी सुशील कुमार ट्रैफिक पुलिस साबेज खाँ आदि रहे।

# बिजनौर राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की एक मीटिंग जिला अध्यक्ष बिजनौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

आज दिनांक 10।12। 2024को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के दिन भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की एक मीटिंग जिला बिजनौर के तहसील नजीबाबाद के ग्राम गांवड़ी , मंडावली में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता, जिला अध्यक्ष कपिल देव सिंह (के, डी,) एवं संचालन रविन्द्र सिंह देशवाल ने किया। बैठक में मानवाधिकार संबंधित लोगो को जागरुक करने का संकल्प लिया गया और मानवाधिकार हनन के विरुद्ध एकजुट होकर सभी वर्गों के लोगो को साथ लेकर उनके हनन के विरुद्ध पुरजोर आवाज उठाने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष कपिल देव सिंह (के, डी,) ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर काम करना आवश्यक हैं। बैठक मे डाक्टर चरण सिंह, हेनेंद्र सिंह, पंकज त्यागी, राकेश त्यागी, सतीश चंद्र, तेजपाल सिंह, नीरज सिंह, ललित देशवाल समेत सभी पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# बिजनौर थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम टांडा माईदास उर्फ शरफुद्दीन नगर में गन्दगी से बीमारी फैलने का खतरा





लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट असमीन सलमानी

नगीना टांडा माईदास कोतवाली ब्लॉक के नगीना के तहसील क्षेत्र थाना नगीना देहात के ग्राम प्रधान दयाचंद की लापरवाही के चलते पंचायत सरफुद्दीन नगर के बैंक के पास नाली में कूड़ा कचरा जमा हुआ है जिससे आसपास के घर गंदगी से काफी परेशान है स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान दयाचंद सफाई नहीं करवा रहा है ग्राम पंचायत सरफुद्दीननगर में कूड़ा कचरा जगह-जगह नालियों में भरा हुआ है ग्राम पंचायत सरफुद्दीन नगर के बुरे हाल हैं सही समय पर सफाई नहीं हुई तो छोटे-छोटे बच्चो संक्रमण जैसे इन्फेक्शन बीमारी का शिकार बन सकते हैं इस गंदगी के कारण डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा गांव में मंडरा रहा है।

# मुजफ्फरनगर पुलिस क्षेत्र अधिकारी बुढ़ाना को विवेचना में उत्कृष्ठता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक-2023'' मिला



लोकतंत्र की आवाज़

09.12.2024 को गृह मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में नियुक्त श्री गजेन्द्रपाल सिंह क्षेत्राधिकारी, बुढ़ाना को उत्कृष्ठ विवेचना कर अपराधी को शीघ्र सजा दिलाने के लिये विवेचना में उत्कृष्ठता हेतु केन्द्रीय गृहमंत्री पदक-2023''* प्रदान किया गया है। दिनांक 02.05.2014 को अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र तुल्लू निवासी ग्राम पाल्हीपुर थाना सलोन, रायबरेली द्वारा 01 बच्ची से दुष्कर्म करने तथा बच्ची की हत्या करने की गंभीर घटना कारित की गयी थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना सलोन पर मु0अ0सं0- 241/2014 धारा 376ए/302/201 भादवि व 4 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा अभियोग की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी श्री गजेन्द्रपाल सिंह (वर्तमान में क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर) द्वारा संपादित की गयी थी। श्री गजेन्द्रपाल सिंह द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना में तकनीकी/भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित कर पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त के विरूद्ध माननीय न्यायालय में केवल 18 दिवस में दिनांक 21.05.2।

# बिजनौर कार्रवाईः पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष योगेश चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराधियों सहित वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सोमवार को थानाध्यक्ष योगेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक टीम गठित की गई जिसमें एसआई शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके आधार पर छापेमारी के दौरान बिजेंद्र पुत्र शिम्भू दयाल निवासी गांव टांडा हिदायतपुर थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई शेर सिंह, कांस्टेबल सचिन कुमार तथा एचजी चंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पैक्स पीडीएफ दुकान के गोदाम परिवर्तन को लेकर आवेदन



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत बाखरपुर पुर्वी पंचायत के पैक्स सदस्य द्वारा मंगलवारा को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को प्रबंधक द्वारा किए जा रहे मनमानी को लेकर लिखित आवेदन दिया गया ।जिसमें सदस्य ने आरोप लगाया कि बिना कमिटी के गठन किए गोदाम का स्थान मनमानी तरीके से परिवर्तन कर निजी आवास पर अनाज रखे है ।साथ ही जनता के बीच कम अनाज वितरण की भी बात कही। वही प्रबन्धन ने अधिकारियों के आदेशानुसार स्थान परिवर्तन की बात बताई।

### मुख्य सचिव के साथ वीडियोकांफ्रेसिंग से हुई बैठक दिया गया निर्देश



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपूर। जिले मे मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में द्वितीय मंगलवार की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह के नेतृत्व में समाहरणालय समस्तीपुर के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से समीक्षा के क्रम में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला दिव्यांग जन कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस तथा अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा के साथ-साथ, श्रम संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की गई। सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद थे। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन समस्तीपुर द्वारा मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करने हेतु सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

### शराब सेवन मे विकास को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज
दिलीपकुमार ठाकुर
शिवाजीनगर/समस्तीपुर। हथोड़ी पुलिस के परि पुअणि सबाना आजमी द्वारा मिली सूचना पर थानाक्षेत्र के बल्लीपुर से शराब सेवन के आरोप मे बल्लीपुर निवासी स्व हरेराम चौधरी उर्फ़ चुनचुन चौधरी के 26 वर्षीय पुत्र विकास कुमार चौधरी को नशापान कर हो हंगामा करते गिरफ्त मे ले माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर, उपस्थापन वास्ते उचितमार्गरक्षण मे भेजा गया। पुस्टि हथोड़ी थानाध्यक्ष मोनू राय ने क्री है।

# दिव्यांग की भी नहीं सुनते अधिकारी, बिल सुधार को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन आमरण अनशन

लोकतंत्र की आबाज



समस्तीपुर। खपत से ज्यादा बिजली बिल भेजने एवं बार-बार संबंधित अधिकारियों से मिलकर बिल सुधार करने की मांग करने के बाबजूद बिल सुधार नहीं किए जाने के खिलाफ पीड़ित उपभोक्ता जितवारपुर के कन्हैया चौक निवासी दिव्यांग सुरेश ठाकुर चीनी मिल चौक स्थित विधुत कार्यालय पर मंगलवार को भाकपा माले के सक्रिय समर्थन से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया।

अनशनकारी को भाकपा माले प्रखंड सचिव अनील चौधरी, जिला कमिटी सदस्य उपेंद्र राय, ललन कुमार ने माला पहनाकर समस्या का समाधान होने तक अनशन जारी रखने का संकल्प लिया। अनशनकारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि वे अपने नाम से 2007 में एक केवीए का बीपीएल विधुत कनेक्शन लिए थे। तबसे वे नियमित बिल जमा करते आ रहे थे। अचानक 78941 रूपये का बिल 2023 में आ गया और बिल जमा नहीं करने पर बिजली काटने की धमकी दिया गया। शिकायती आवेदन के आलोक में बिल सुधार कर 26552 रुपये जमा करवा लिया। फिर उसी महीना में 11 सौ रूपए का बिल आ गया जो बढ़ते-बढ़ते वर्तमान में 17560 है।

मौके पर आहूत सभा को विधुत सुधार संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक सह भाकपा-माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि समस्तीपुर के विधुत अधिकारी इतना सामंती प्रवृत्ति के हैं कि वे दिव्यांग की भी नहीं सुनते। ऐसे बेहोश अधिकारी को होश में लाने के लिए अनशन आन्दोलन जायज है। उन्होंने कहा कि पीड़ित उपभोक्ता को कंज्यूमर नंबर 11320006538 पर करीब 78 हजार रूपये का बिल भेजा गया। शिकायती आवेदन देकर सुधार करने की मांग करने पर 26 हजार रूपए जमा करने को कहा गया। जमा कर देने के बाबजूद उसी महीना में फिर 11 सौ रूपये का बिल भेजा और उसके बाद लगातार करीब 2 हजार रुपए का बिल आने लगा। बार- बार संबंधित अधिकारियों को सुधार करने की मांग की गई लेकिन मांग को अनसुना कर दिया गया। मिटर जांच के नाम पर 10 मिनट में खानापूर्ति किया गया। फलस्वरूप अनशन करने की शुरुआत की गई और पीड़ित द्वारा सहयोग मांगने पर भाकपा माले ने सक्रिय समर्थन दिया है।

भाकपा माले के प्रखंड सचिव अनील चौधरी एवं कुंदन कुमार ने कहा कि विभागीय अधिकारी जानबूझकर मनमाना बिल भेजकर उपभोक्ता को परेशान एवं अपना पाकेट गर्म करने का उपाय लगाये हुए हैं। बिल सुधार के लिए शिकायती आवेदन पर कोई कारवाई नहीं किया जाता है। अधिकारी अपनी गड़बड़ी को छुपाने के लिए हमेशा उपभोक्ताओं पर दोष मढ़ते रहते हैं। यह अन्याय है और इस अन्याय के खिलाफ समस्या का समाधान होने तक अनशन आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर भाकपा माले के उपेंद्र राय, सुजीत ठाकुर, अजय शर्मा, इंदू देवी, फूलो देवी, राजकुमारी देवी, अजीत शर्मा, मिथिलेश कुमार राय, फूलदेव सदा समेत बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहीद कॉमरेड जगदीश मास्टर का 52वां शहादत मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर। भोजपुर में पार्टी के संस्थापक शहीद कॉमरेड जगदीश मास्टर का 52वां शहादत दिवस जगदीशपुर पार्टी कार्यालय मनाया गया। साथ ही साथ रामायण राम जवाहर राम का शहादत दिवस आयर में जवाहर राम के शहादत के मौके पर झंडोत्लन किया गया गया।उनके संघर्ष को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। भाकपा माले ने फासिस्ट ताकतों को शिकस्त देना है। लाल झडे की ताकत को मजबूत करके ही मास्टर साहब के सपनो को पूरा किया जा सकता है।

मास्टर साहब जान-बूझकर विदाउट टिकट ट्रेन में यात्रा करके पकड़े गए, ताकि जेल में नक्सलियों से मुलाकात हो सके। उन्होंने हमारे भीतर गरीब जनता से गहरा प्रेम और सामंती शक्तियों के प्रति तीखी घृणा जगाई। वे हमारे नेता थे। मौजूद रहें भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य इंदु सिंह भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य शहनवाज़ खान, राजू राम नगर सचिव गणेश कुशवाहा, श्री भगवान राम , मोती लाल, आइसा सह सचिव राहुल साहू, कपिल मुनि, गुड्डू राइन,मुख्तार कुरेशी, आइसा नेता टीपू खान, वीरेंद्र राम,सुनिल कुमार,भरत प्रसाद निरंजन सिंह, सिंधु पासवान, रिलोकी राम राजु राम , राजदेव रवानी, राजकुमार टेलर, विजय राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेत में पटवन करते समय किसान की मौत

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती। प्रखंड के अंतर्गत ओलापुर निवासी महेंद्र मंडल के दामाद पुनीत मंडल( 42 ) की खेत में पटवन करते समय मौत हो गई।.मृतक पुनीत मंडल को गिरते देखकर आस पास के किसान ने उससे खेत से रेफरल अस्पताल पीरपैंती लाया। जहां परीक्षण के बाद डॉ नीरज कुमार राज ने उसे मृत घोषित कर दिए। चिकित्सक ने मौत का कारण हार्ट अटैक या ठंडी भी हो सकती है। पुनीत मंडल सबौर थाना क्षेत्र के राजनंदिनी पुर के रहने वाले थे। मृतक अपने पीछे पत्नी संगीता देवी,पुत्र सुनील कुमार,पुत्री सलोनी व काजल को छोड़ गए। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।शव का पोस्टमॉर्टम नहीं करा कर परिजन दाह संस्कार करने की तैयारी कर रहे है।

### महिलाएं आंख सेंकने की वस्तु नहीं...बिहार की प्रगति की हैं सारथी

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की लालू यादव की भाषा उनकी उसी सोच को दर्शाती है, जिसने चंपा विश्वास, पापड़ी बोस और शिल्पी गौतम जैसे मामलों में महिलाओं को सिर्फ राजनीति का साधन बना दिया ।उनके शासनकाल में महिलाओं को न्याय और सुरक्षा नहीं मिली, बल्कि अपमान और भय का सामना करना पड़ा ।आज भी उनका नजरिया महिलाओं के प्रति अपमानजनक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के प्रति विद्वेष रखने वाले आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का महिलाओं के प्रति शर्मनाक बयान उनकी कुत्सित सोच को दर्शाता है ।लालू यादव जी शायद भूल बैठे हैं कि उनके कार्यकाल में महिलाएं किस भय के माहौल में जीती थीं? आज राज्य में नीतीश कुमार जी के कुशल नेतृत्व में महिलाएं न केवल सशक्त हुई हैं।

# बरहरवा : विधायक कक्ष के प्रांगण में ज़िला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने लगाया जनता दरबार

लोकतंत्र की आवाज





मामलोत सेख
बरहरवा। विधानसभा चुनाव के उपरांत पिछले दिनों की भांति आज मंगलवार को विधायक कक्ष के प्रांगण में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा जनता दरबार के माध्यम प्रखंड के लोगों की सुनी गई समस्याएं।विधायक कक्ष की मरम्मती कार्य होने के कारण विधायक कक्ष के बाहर प्रांगण मे ही जनता दरबार लगा। जनता दरबार में ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को बरकत खान के समक्ष रखा,जिसमें मुख्य रूप से मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याएं,पेंशन बंद हो जाने,बिजली बिल माफी से संबंधित समस्याएं, अबुवा आवास,अंबेडकर आवास एवं जमीनी संबंधित समस्याए सम्मिलित थे।

जिला अध्यक्ष बरकत खान ने सभी समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं से संबंधित पदाधिकारियों से वार्तालाप कर समस्याओं का निबटारा करवाया,साथ ही मइया सम्मान योजना में बहुत से माताओं एवं बहनों का आवेदन रिजेक्ट हो जाने संबंधित समस्याएं को लेकर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने उप विकास आयुक्त साहेबगंज से फोन पर वार्तालाप कर इस पर पहल करने की बात कही। जनता दरबार में पहुंचे कुछ लोगों की समस्याओं को लेकर बरकत खान प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास जी से मिलकर निदान करवाने का सफल प्रयास किया।

बरकत खान ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित विधायिका श्रीमती निसात आलम जी ने निर्देश दिया है कि विधायक कक्ष में पूर्व की तरह प्रत्येक मंगलवार को लगे जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्याओं का निदान निस्वार्थ भाव से करने का काम करें, लोगों की समास्याओं का निदान कराने के लिए ही प्रत्येक प्रखण्ड में गठबन्धन सरकार के द्वारा विधायक कक्ष का प्रावधान किया गया है। मौके पर मिथुन मण्डल,विकास सिंह,आलमगीर आलम,अनारुल खान, आफताब आलम सहित दर्जनों शहरी तथा ग्रामीणगन मौजूद थे।

# प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सोनल सिंह को दी गई विदाई

लोकतंत्र की आवाज़




जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड के प्रभारी बीडीओ सह सीओ रही प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सोनल सिंह को मंगलवार को प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन के सभागार में विदाई दी गयी।एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बीडीओ डॉ. सुदर्शन कुमार और सीओ विश्वजीत नीलांकर ने सोनल सिंह को गुलदस्ता, फूल माला और अन्य विभिन्न उपहार भेंट कर विदाई दी। एसडीपीओ बीडीओ और सीओ ने अपने संबोधन में कहा कि सोनल सिंह ने अपने डेढ़ माह के कार्यकाल में बेहतर कार्य किया और एक जिम्मेदार अधिकारी के फर्ज को बखूबी निभाया। शांतिपूर्ण माहौल में पैक्स चुनाव संपन्न कराने सहित मतदाता संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में भी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वहीं सोनल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान जगदीशपुर में कार्य करने के दौरान विभिन्न सकारात्मक अनुभव व कार्यों को बेहतर तरीके से निष्पादन के संदर्भ में जानकारी मिली। यहां अधिकारी सहित कर्मियों का सहयोग व साथ मिला वो आजीवन यादगार रहेगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# मुख्यमंत्री का साहेबगंज जिले में योजना का उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण कार्यक्रम आगामी 14 दिसंबर को प्रस्तावित

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
साहेबगंज। दिनांक 14 दिसम्बर,2024 को माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार का साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखण्ड के भोगनाडीह में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम निश्चित है। इसी क्रम में तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई।

उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें।इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण की जाने वाली सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया।

बैठक में परियोजना निदेशक संजय कुमार दास ,उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत , सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, , भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा उपस्थित रहे।

# उपायुक्त आम जनों की समस्या से अवगत हुए

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
साहेबगंज। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित नैनी मिश्रा, कंचन कुमार सरकार, नाथू घोष, एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया।

संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

# बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों पर हमले के खिलाफ जगदीशपुर में धरना प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज़



जगदीशपुर/भोजपुर। बांग्लादेश में हिंदू, सिक्ख,जैन एवं बौद्धों पर हो रहे आक्रमण अत्याचार के विरोध में जगदीशपुर प्रखंड के हिंदू समाज के द्वारा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।अनुमंडल पदाधिकारी जगदीशपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुनीलाल शर्मा एवं संचालन अमन भारतीय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कटर पंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है, वर्तमान के बांग्लादेश सरकार तथा एजेंसी आक्रमण रोकने की जगह केवल मुख्य दर्शक बनी हुई है

विवसतावश बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा सर्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई। आवाज को दबाने हेतु उन्ही पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है, ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनो में हिंदू का नेतृत्व कर रहे इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बंगलादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है कार्यक्रम के माध्यम से हम नागरिक जन बांग्लादेश सरकार से यह आवाहन करते हैं कि यह सुनिश्चित करें कि बंगलादेश में हिंदू परिवार पर अत्याचार तत्काल बंद हो तथा श्री चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें कार्यक्रम के माध्यम से हम नागरिक जन भारत के सरकार से भी यह आवाहन करते हैं कि यह सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने हेतु प्रयासों को हर संभव जारी रखें इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाएं। कार्यक्रम में एक ही पूर्वज के वंशज हम मौन रहेंगे कैसे हम जैसे गगनभेदी नारे लगाए गये ।

कार्यक्रम में मौजूद रहे राकेश यादव, मोनू निराला, अशोक कुमार चौरसिया, राजेंद्र प्रसाद, मिथलेश कुशवाहा,शुशुमलता कुशवाहा, संध्या सिंह, आदित्य कुमार, राकेश श्रीवास्तव, माधव केसरी, मिलिंद चौधरी, सुरेन्द्र शाह, गणेश स्वर्णकार, विष्णु शंकर, राहुल कुमार, कृपाशंकर पांडे, कुमार गौतम, जितेंद्र जस्टिस, रवि राकेश शर्मा, विनय मिश्रा,पियुष सोनी प्रदीप कुमार राजा कुमार सनातनी पवन संजय गुप्ता महावीर सर रामकृष्ण प्रसाद राजीव रंजन तिवारी अर्जुन प्रसाद पिंकू यादव पप्पू यदुवंशी, लीला कुशवाहा, राज कुमार, विक्की राज,सनी कुमार मनजी चौधरी, अरुण सिंह, मनीष सिंह,गौतम सोनी, रितीक रौशन सिंह,संतोष कसेरा, राजेंद्र मौर्ये गणेश मिस्त्री, सनिल कुमार,अमर चौबे उपस्थित थे

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः हरपुर थाना में नए थानाध्यक्ष का पदभार संभाला



ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चंपारणः हरपुर थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में दारोगा किशन कुमार पासवान ने किया योगदान। बताते चलें कि वें हरपुर थानाध्यक्ष से पहले बंजरिया थाना में अपर थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित थें। 2019 बैंच के दारोगा है किशन। बोलें नए थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान अपने क्षेत्र में विधि–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और शराब माफियाओं पर नकेल कसना मेरी पहली प्राथमिकता है। शराब तस्कर एवं शराबियों की खै़र नहीं।

### किसान भाईयों को जानकारी होनी चाहिए फेरोमोंन ट्रेप के बारे में ??



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

केसरियाः ??फेरोमोन ट्रेप लगाने का उद्देश्य कीटों की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण कर फसलों को कीटों से बचाना होता है,क्योंकि कीट इसमें फंस जाते हैं और मर जाते हैं, इसलिए वे प्रजनन नहीं कर पाते हैं, जिससे आने वाले वर्षों में भी कीटों का प्रकोप कम हो जाता है।साथ ही ये रसायन मुक्त होते है जिससे किसानों के शारीरिक संपर्क (शरीर से टच) होने पर विषाक्त होने का खतरा नहीं होता है और स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। *एक एकड़ क्षेत्र में 20 दिनों से अधिक समय तक चलने वाले चार से छह फेरोमोन जाल लगाए जा सकते हैं,– फल,सब्जियां और कपास के हानिकारक कीट जैसे लीफ माइनर, पिंक बॉल वर्म, फ्रूट फ्लाई, पत्ती खाने वाली इल्ली, तम्बाकू इल्ली, तना छेदक इल्ली, फल छेदक इल्ली, फॉल आर्मी वार्म, भूरे धब्बे वाली इल्ली, डायमंड ब्लैक मोथ, आदि कीटों को फेरोमोन ट्रैप से नियंत्रित किया जा सकता है। ??लाभः ??रासायनिक आधारित कीटनाशकों का उपयोग कम करना पड़ता है। ??रसायनों से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम को कम करता है। ??पर्यावरण के अनुकूल। ??महंगे कीटनाशकों से आर्थिक बचत होती है।

### धनहा रतवल पुल पर जय माता दी बस मे 17 किलो गांजा पाया गया



मधुबनी से सूरज यादव

धनहा थाना पुलिस ने धनहा रतवल पुल चौक से 17 किलो गजा एक बस से बरामद किया है साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाना अध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती ने बताया कि सुबह धनहा रतवल पुल पर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी तभी चौतरवा की तरफ से जय माता दी बस पहुंची जिसकी तलाशी ली गई तलाशी में बस से दो बैग मिला जिसकी जांच पड़ताल की गई जांच में बैग से 17 किलो गाजा़ बरामद किया वही एक महिला सहित दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया दोनों तस्करों की पहचान कतर गांव निवासी मारकंडे पटेल एवं स्पा देवी के रूप में हुई थाना अध्यक्ष ने बताया कि ।क्फ्रकरते हुए दोनों तस्कर को जेल भेज दिया गया ।

# गायब नाबालिग लड़की को पुलिस की बरामद, अपहृता हुआ फरार

लोकतंत्र की आवाज

**बीते नाबालिग अपहृता को पुलिस ने बरामद करते हुए पूरे मामले से पर्दा हटा दिया**




**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**भैरोगंज ।** पुलिस ने घर से गायब लड़की को किया बरामद। नाबालिग पुत्री के घर से अचानक गायब हो जाने को लेकर पिता ने शादी की मंशा जाहिर करते हुए अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।उधर पुलिस आवेदन के आधार पर दर्ज कांड के अन्वेषण में गोपनीय रूप से लग गई।पुलिस मामले से पर्दा हटाने के लिए अंदरखाने तहकीकात में जुट गई थी।जिसकी भनक अपहर्ता को तनिक मात्र न था।फलस्वरूप घटना के महज कुछ अंतराल बीते नाबालिग अपहृता को पुलिस ने बरामद करते हुए पूरे मामले से पर्दा हटा दिया।उल्लेखनीय है,कि लड़की के पिता नड्डा निवासी ने बीते 18/11/024 को तकरीबन अपरान्ह तीन बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के शादी की नीयत से अपहरण करने की जानकारी स्थानीय पुलिस को आवेदन देकर दी है।उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया,कि आवेदन के आधार पर भैरोगंज थाना काण्ड संख्या 113/024 दर्ज करते हुए,कांड के अनुसंधान की जिम्मेदारी थाना के एएसआई रौशन कुमार को दी थी।अनुसंधानकर्ता रौशन कुमार गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जाँच पड़ताल शुरू कर दी।उनके अनुसार जाँच के सिलसिले में कई ऐसे तथ्य सामने आए जो हैरान करने वाले थे।मशलन,नड्डा की नाबालिग लड़की का अपहर्ता पड़ोसी गाँव कपरधिका निवासी दीपक राम(30 वर्ष) पिता स्व0 रमोद राम है,जिसका नाम कांड के अनुसंधान क्रम में सामने आया है।दीपक राम शादी ब्याह अथवा किसी भी मांगलिक अवसरों पर आर्केस्ट्रा के आयोजन में डीजे बजाने व संचालन का काम करता था।पुलिस के अनुसार लड़की के अपहरण के बाद अपहर्ता दीपक लड़की को लेकर तीन चार ठिकाने बदलता रहा।वह ठिकाने आर्केस्ट्रा में नाचने वाली लड़कियों के ठिकानों के साथ बदल रहा था।अंत मे पुलिस की टीम ने एएसआई रौशन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लड़की को लौकरिया थाना के नीतीश नगर निवासी एंव अपहरणकर्ता दीपक राम के फुआ के घर से नाटकीय रूप से बरामद किया।जबकि अपहर्ता दीपक राम मौके की नजाकत को भांप कर मौके से फरार हो गया।थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि बरामद लड़की 17 बर्ष 11 माह की है।उसके बयान को कलमबंद करने के लिए उसे माननीय न्यायालय को सुपर्द किया गया था।जहाँ उसने आरोपित के नाम का उल्लेख किया है।इस मामले में अग्रेतर कार्यवाही जारी है

## वाल्मीकिनगरःपानी बहाने को लेकर मारपीट ,पांच लोगों पर प्राथमिक दर्ज



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**वाल्मीकिनगर ।** थाना अंतर्गत के शिवनाहा ग्राम निवासी अनिता देवी पति–मुन्ना राम ने थाने में आवेदन देकर पांच लोगो के विरुद्ध मार–पीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के मुताबिक नौ दिसंबर की सुबह 6 बजे मैं अपने दरवाजे पर थी। तभी नंदू बांसफोर, मंदीप बांसफोर, ननकी बांसफोर, तीनो पिता मंहत बांसफोर ग्राम शिवनाहां अपने चापाकल पर पानी चला रहे थे। तो मैं मना करते हुए बोली कि पानी का बहाव मेरे घर के तरफ कर दिए है। बांध कर पानी अपने जमीन के तरफ कर लीजिए। इसी बात पर नंदू बांसफोर मुझे गाली देने लगे । और कहने लगे की मेरा पानी आपके जमीन में बहेगा जो करना है कर लो तभी मेरा देवर बच्चा राम आकर कहने लगे की आपलोग पानी का निकास बना लीजिए तभी ननकी बांसफोर नंदु बांसफोर एवं संदीप बांसफोर गाली देते हुए मेरे देवर को मारने लगे की इतने देर में फूलबदन देवी एवं महंत बांसफोर मुझे लाठी से मारने लगे। ग्रामीणो के बीच बचाव से मेरी जान बची। इस बाबत वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## अंचल कार्यालय में लगेगा जनता दरबार



लोकतंत्र की आवाज

**मधुबनी सूरज यादव**

**पिपरासी ।** संघ के आह्वान पर सीओ थाना परिसर में आयोजित होने वाले जनता दरबार में शामिल नहीं हुए। सीओ शिवम कुमार ने बताया कि अब अंचल कार्यालय में ही जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। संघ ने फैसला लिया है। अगर अंचल कार्यालय में थानाध्यक्ष शामिल होते हैं तो ठीक है। अन्यथा हम लोग थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित करने नहीं जाएंगे। अधिकतम मामले भूमि से संबंधित आता है।

## दुकान से चोरों ने बैटरी–इनवर्टर समेत साढ़े चार लाख का सामान की चोरी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

पटखौली थाना क्षेत्र में सोमवार कि देर रात्रि में शास्त्री नगर चौक स्थित बंगाल इंटरप्राइजेज में चोरों ने दुकान की दीवार तोड़कर 25 बैटरियां और 24 इनवर्टर समेत अन्य सामान चोरी कर लिए है। सामान की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपए की बताई जा रही है। बैटरियों और इनवर्टर का वजन ज्यादा होने के कारण पुलिस को संदेह है कि चोरों ने बड़े वाहन का इस्तेमाल किया होगा। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। यह दुकान एनएच 727 के किनारे स्थित है। हैरानी की बात है कि इतनी व्यस्त जगह पर चोरी की वारदात हो गई और किसी को भनक तक नहीं लगी। चोरी के स्थान से मात्र 200 मीटर की दूरी पर शास्त्री नगर चौक है, जहां रात में अक्सर पुलिस की गाड़ी खड़ी रहती है। स्थानीय व्यापारी और निवासियों में चोरी की घटनाओं को लेकर भय का माहौल है। इस साल अब तक जिले में 18 घरों में चोरी हो चुकी है, और अब दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। वहीं इस मामले में पटखौली थाना प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया और जांच जारी है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।



## मोतिहारीः केसरिया प्रखंड के बेनीपुर चौक स्थित खाद बीज दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा हुई लाखों की चोरी,जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चंपारण।** केसरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर चौक स्थित लक्ष्मी खाद बीज भंडार में अज्ञात चोरों द्वारा भीषण चोरी कर ली गयी है। बताया जाता है कि दुकान के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार कुशवाहा अपने रोज़ के समय पर दुकान बंद कर घर चलें गए,सुबह जब दुकान खोलें,तो देखा कि छत के सहारे दुकान में अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गयी है। तत्पश्चात् इसकी सूचना केसरिया डायल पुलिस 112 की टीम को दी गई। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस व जांच पड़ताल करने में जुट गई। वहीं दुकान के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि नगदी करीब 1 लाख से अधिक एवं करीब 60 से अधिक बोरी खाद की चोरी हुई है। वहीं इस घटना के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इस मामले को लेकर दुकान के प्रोपराइटर जितेंद्र कुमार कुशवाहा ने थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बता दें कि पिछले दिनों नयागांव बैंक आफ बड़ौदा के समीप अज्ञात चोरों द्वारा तीन चपाकल की चोरी हो गई। पिछले साल इसी चौक पर एटीएम मशीन से अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम मशीन काट कर चोरी कर ली गयी थी। जो कहीं ना कहीं से चोरों का मनोबल बढ़ते जा रहा है।

## घनश्यामपुरःमांगो के समर्थन ने प्रखंड मुख्यालय पर अनशन शुरू

लोक तंत्र कि आवाज




**मुरारी झा**

**घनश्यामपुर ।** मिथिलावादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी 15 सूत्री मांगों के समर्थन में मगंलवार से पार्टी के जिला प्रभारी संजय झा और प्रखंड अध्यक्ष जुगनू मंडल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में बेमियादी भूख हड़ताल शुरु कर दी है। अनशन पर बैठे एमएसयू पार्टी के जिला प्रभारी संजय झा ने आरोप लगाया कि प्रखंड स्तरीय विभिन्न मांगों को लेकर कई बार बीडीओ तथा संबंधित अधिकारियों के पास आवेदन दिया गया। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजतन भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा। वहीं पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जुगनू मंडल ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। यहां हर स्तर के छोटे बड़े कामों से लेकर योजनाओं के संचालन में लूट–खसोट तथा सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। हमारी मुख्य मांगों में सभी बंद पड़े आरटीपीएस काउंटर चालू करवाने, बंद पड़े स्वास्थ्य उप केंद्र को चालू करने, पीडीएस की व्यवस्था भ्रष्टाचार मुक्त करवाने, थाना क्षेत्र में बढ़ रही अपराध को रोकने, प्रखंड में आईटीआई कालेज खोलने आदि शामिल हैं।वही धरना स्थल पर प्रदीप झा , रामलाडू झा ,अजय झा , कृष्णा मंडल, चंदन यादव , सदरे आलम गौतम झा ,रौशन झा के साथ प्रखंड क्षेत्र के कई मिथिलावादी पार्टी के समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

## शिविर में बिजली बिल, नए कनेक्शन सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान बिजली सुधार के लिए गनौन पंचायत में लगा शिविर

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**

**घनश्यामपुर ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा घनश्यामपुर के द्वारा मंगलवार को गनौन प्राथमिक मकतब भवन में बिजली बिल सुधार समेत कई अन्य समस्याओं के निदान के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बिजली बिल सुधार को लेकर बिजली उपभोक्ता का अपना आवेदन लेकर इस शिविर में पहुंचे जहां त्वरित समस्या का निदान विद्युत अधिकारियों द्वारा की गई। इस संबंध में कनीय विधुत अभियंता राजू रजक ने बताया कि घनश्यामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में बारी–बारी से अलग–अलग पंचायतों में बिजली से संबंधित समस्या निवारण के लिए कैंप का आयोजन कि जाएगी आगे उन्होंने बताया है कि मंगलवार शिविर में आठ आवेदन प्राप्त हुआ था जिसमें तीन मामले का निष्पादन कर दिया गया ।पोहदी बेला और झगड़ुआ और जमालपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि शिविर में बिजली बिल, नया कनेक्शन सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान किया जाएगा।

## तेंदुए ने किया किसानों पर हमला, हो हल्ला करने पर तेंदुआ भाग खड़ा हुआ

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

धनहा थाना क्षेत्र के वंशी टोला में बुधवार को तेंदुए ने मजदूरों पर हमला कर दिया, इस हमले के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया। हालांकि मजदूरों के शोर मचाने का तेंदुआ वहां से भाग खड़ा हुआ।तेंदुए के इस हमले में पांच मजदूर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढ्ळ्उ) में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ नदी के रास्ते वीटीआर से निकलकर यहां आया होगा। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है । बगहा रेंज के रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर तेंदुए के पगमार्क पाए गए हैं, जो पुष्टि करते हैं कि हमला तेंदुए ने ही किया है। तेंदुए को ट्रैक करने के लिए वन विभाग की टीम को लगाया गया है। तेंदुआ फिलहाल गन्ने के खेतों में छिपा हुआ है।रेंजर सुनील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे गन्ने के खेतों की तरफ अकेले न जाएं। बच्चों को खेतों से दूर रखें और खेतों में जाने पर समूह बनाकर आवाज करते हुए चलें।तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है। इस बीच ग्रामीणों को सतर्क रहने और सहयोग करने की अपील की गई है। वन विभाग का कहना है कि जल्द ही तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया जाएगा। फिलहाल बड़े पैमाने पर टीटी पीपी टीम की तैनाती की गई है, और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताने पिछले कुछ शाल से इस क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी बढ़ी हुई है। कई दफा पी पी तटबंध पर दिखाई दे रहा था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वंशीधर ब्रजवासी की ऐतिहासिक जीत पर शिक्षकों ने मनाया जश्न, सरकार को चेताया



बिहार शरीफ:तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार वंशीधर ब्रजवासी की ऐतिहासिक जीत पर नालंदा के शिक्षक समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिक्षक संगठनों ने इस जीत को शिक्षा व्यवस्था में सुधार और शिक्षकों के अधिकारों की बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।शिक्षक नेताओं ने जताई खुशी;बीपीएनपीएसएस शिक्षक संघ के जिला प्रभारी रीतेश कुमार और जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह ने वंशीधर ब्रजवासी की जीत को शिक्षकों की एकजुटता और स्नातक मतदाताओं के भरोसे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत उन सत्तासीन नेताओं और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए सबक है, जिन्होंने शिक्षकों का शोषण करते हुए उनके साथ गुलाम जैसा व्यवहार किया है। सरकार को दी चेतावनी:शिक्षक नेताओं ने कहा कि सरकार और उनके अधिकारियों ने शिक्षकों के संवैधानिक अधिकारों को छीनने का प्रयास किया, जिसका जवाब शिक्षकों ने लोकतांत्रिक तरीके से दिया है। यह जीत यह दिखाती है कि शिक्षकों ने ठान लिया है कि वे अपने अधिकारों की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे।आने वाले चुनावों का संकेत;शिक्षक नेताओं ने कहा कि वंशीधर ब्रजवासी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं की एकजुटता के आगे किसी का दबाव नहीं चलेगा। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में भी चौंकाने वाले परिणाम सामने आ सकते हैं।शिक्षकों का उत्साह:शिक्षकों ने इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए एक–दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। यह जीत शिक्षक समुदाय के संघर्ष और उनके आत्मसम्मान की पुनर्बहाली का प्रतीक बन गई है।

### नशे क़ी हालत मे गिरफ्तार कर भेजा जेल




दिलीपकुमार ठाकुर

वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस के एसआई रामाशंकर सिंह द्वारा थानाक्षेत्र के मथुरापुर घाट से विती रात्रि नशे क़ी हालत मे दरभंगा जिला के बहेड़ी थानाक्षेत्र के बघोनी निवासी शंकर प्रसाद साह के पुत्र अजय कुमार साह को नशे क़ी हालत मे गिरफ्त मे ले मेडिकल टेस्ट मे शराब पीए क़ी कन्फर्मसन के बाद माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते भेजा गया क़ी पुस्टि मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने क़ी है।

### स्कूटी सवार महिला ने नीलगाय को मारा ठोकर, हुई घायल



समस्तीपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोरदीवा के पास स्कूटी सवार अपने स्कूटर से घर जा रही थी। तभी अचानक बीच सड़क पर नीलगाय आ गया जिससे स्कूटी सवार टकराकर सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल स्कूटी सवार महिला को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल स्कूटी सवार महिला की पहचान रूमा कुमारी के तौर पर हुई है।

# छपरा:एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी व दिल्ली से पहुंची रेस्क्यू टीम ने रेस्टोरेंट में की छापेमारी

## आपत्तिजनक सामग्री व शराब की बोतल बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा/मशरक (सारण)** सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन बाजार के लखनपुर गोलम्बर के समीप नित्या फैमली व औगौरा रेस्टोरेंट में अवैध गतिविधियों की सूचना पर सारण एसपी के निर्देश पर मिशन मुक्ति फाउंडेशन की टीम ने सारण पुलिस के सहयोग से मंगलवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान डीएसपी ट्रैफिक सारण बसंती टुड्डू और रेस्क्यू टीम से त्रिवेणी आचार्य, मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के विरेन्द्र कुमार सिंह, अक्षय पांडेय, नारायणी सेवा संस्थान के अखिलेंद्र सिंह समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहे। टीम ने रेस्टोरेंट के अंदर और बाहर गहनता से जांच पड़ताल की। छापेमारी टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल को देख इलाके में अफरातफरी मच गयी। हालांकि टीम के सदस्यों ने मीडिया से कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। लेकिन पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल के दौरान रेस्टोरेंट के अंदर शराब की बोतल व आपत्तिजनक सामाग्री पाई गई। टीम ने जांच–पड़ताल के दौरान रेस्टोरेंट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क और रेस्टोरेंट का रजिस्टर कब्जे में लिया। वहीं अपर थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि जिले से आई टीम ने डुमरसन में रेस्टोरेंट में छापेमारी की हैं। टीम ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद रेस्टोरेंट को सील करने का आदेश जारी किया जाएगा। वहीं पुलिस जांच में जुटी है। रेस्टोरेंट में छापेमारी से इलाके के अवैध तरीके से होटल और रेस्टोरेंट चलाने वालों में हड़कंप मच गया। आपको बता दें कि मशरक थाना क्षेत्र में होटल व रेस्टोरेंट अवैध तरीके से संचालन करते हैं, जो रंगरेलियां मनाने का अड्डा बना हुआ है। जहां बिना किसी भी कागजी इंट्री के कमरे उपलब्ध हो जाते हैं। वहीं पुलिस जानकारी होने के बाद भी चुप्पी साध लेती है। वहीं होटलों व रेस्टोरेंटों में अवैध तरीके से शराब भी उपलब्ध कराई जाती है।

## सेवा युक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका पर सेमिनार आयोजित




लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां नवादा, 10 दिसंबर 2024: पीरामल फाउंडेशन द्वारा आज कृषक कॉलेज, पकरीबरावां में ₹युवा: समाज में परिवर्तन की शक्ति₹ विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज में ₹सेवा युवा सदन₹ की स्थापना करना और युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। सेमिनार में पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों झ गौरव ठाकुर, प्रशांत कुमार, और कुमार पवन ने नेतृत्व किया। उन्होंने छात्रों को सेवा भावना और नेतृत्व के माध्यम से देश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने का महत्व समझाया।इस दौरान शिक्षा में सुधार, जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य और पोषण, सामाजिक समानता, तथा नवाचार के माध्यम से नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रणाली के लिए सामुदायिक पहल, स्वच्छता और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं में नेतृत्व करने, तथा जातिगत भेदभाव और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों को दूर करने की प्रेरणा दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार ने इस पहल में महत्वपूर्ण योगदान दिया और छात्रों को सेवा भावना के महत्व को समझने और ₹सेवा युवा सदन₹ से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।इस आयोजन ने युवाओं को समझाया कि कैसे उनके छोटे–छोटे प्रयास बड़े सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। छात्रों ने समाज सेवा, नेतृत्व, और सामाजिक सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में इच्छुक छात्रों के लिए ऑनलाइन फॉर्म का लिंक साझा किया गया, ताकि वे इस पहल से जुड़ सकें। यह सेमिनार क्षेत्र में युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## भैया बहनों ने मानव श्रृंखला बना कर दिया शांति का संदेश



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।**बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय खास करके हिंदुओं पर होने वाले अमानवीय अत्याचार ,हत्या, लूट, आगजनी के खिलाफ, सरस्वती शिशु मंदिर शेरमारी के भैया बहनों ने मानव श्रृंखला बनाकर शांति का संदेश दिया। भारतीय राष्ट्रपति महोदय से निवेदन किया कि बांग्लादेश में होने वाले हैं अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार को रोका जाए ।इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय स्वामी प्रभु को अविलंब रिहाई किया जाए। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य विजय कुमार झा ने बताया कि मानव श्रृंखला शांति संदेश देने के लिए पूरे भारत में आयोजित की गई है, जिसका एक हिस्सा शेरमारी बाजार के भैया बहन भी है। इस मानव श्रृंखला में अनिल प्रसाद साह, संजय कुमार सिंह ,सुनीता कुमारी, संजना कुमारी ,ज्योति कुमारी, नेहा कुमारी, नीतू कुमारी, प्रिया कुमारी ,सहित विद्यालय के सभी आचार्य और आचार्य शामिल थे।

## परम ज्ञान निकेतन स्कूल में 24वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मना, छात्रों ने रंगारंग कायक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया

लोकतंत्र की आवाज़



**गय।** गया शहर के माड़नपुर अक्षयवट स्थित परम ज्ञान निकेतन स्कूल में 24 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मदर टेरेसा शांति पुरस्कार विजेता इंजीनियर नरेंद्र कुमार सिन्हा शामिल हुए हैं। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मैनेजर राकेश कुमार सिन्हा और प्रिंसिपल शशिकांत कुमार ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ–साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। इस कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। जिसमें एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान एक अलग ही उत्साह नजर आया है। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ है। इस दौरान प्रिंसिपल शशिकांत कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया है। इस दौरान सभी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

## शेखपुरा में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने को लेकर डीएम ने हेल्थ विभाग को दिया आवश्यक निर्देश ।कई संगठनों और विभाग को मिली जिम्मेवारी

लोकतंत्र की आवाज



**शेखपुरा** जिले में जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को नवजात शिशु की देखभाल, स्तनपान की महत्ता, और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए घर–घर जाकर जागरूकता फैलाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने पर जोर दिया। डीएम ने कहा कि मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि समुदाय में इन सेवाओं के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा की जाए।इसके अलावा, डीएम ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे लाभकारी योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुँचाने के लिए अभियान को तेज करें। उनका मानना था कि जब लोग इन योजनाओं के बारे में अधिक जानेंगे, तो वे स्वेच्छा से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएंगे, जिससे न केवल मातृत्व मृत्यु दर में कमी आएगी, बल्कि नवजात शिशुओं की देखभाल भी बेहतर हो सकेगी।डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को इस कार्य में जुटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया और अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें ताकि योजनाओं का सही तरीके से कार्यान्वयन हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की बात की कि प्रत्येक गर्भवती महिला और नवजात शिशु को समुचित देखभाल मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।इस बैठक के दौरान डीएम ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों और विभागीय अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि समुदाय की भागीदारी और जागरूकता से ही स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों की नकारात्मक सोच को बदलकर एक सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## उत्पाद पुलिस ने भारी मात्रा में महुआ निर्मित शराब किया जब्त, शराब तस्कर फरार

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा :**उत्पाद पुलिस ने रजौली चेक पोस्ट से भारी मात्रा में महुआ निर्मित शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने जंगल बाइक से परिवहन कर रहे 750 लीटर महुआ निर्मित शराब जब्त करते हुए बाइक को भी जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखकर षराब तस्कर भागने में सफल रहा। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक अरूण कुमार मिश्रा ने बताया कि चेक पोस्ट पर पदस्थापित उत्पाद टीम को गुप्त सूचना मिली कि रजौली थाना क्षेत्र के चोरडीहा जंगल से महुआ शराब का परिवहन होने वाला है। सूचना बाद विभाग के एसआई बब्लू कुमार ने एक टीम के साथ चोरडीहा जंगल जाने के क्रम में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के पास 5 बाइक को आते देखा। उन्होंने बताया कि सभी बाइक के पीछे बोरा लदा हुआ था। उत्पाद टीम को देखते ही सभी बाइक सवार अपने–अपने बाइक को सड़क पर छोड़कर जंगल में भागकर गुम हो गये। तत्पष्चात बाइक की तलाशी लेने पर कुल 750 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद कर सभी बाइक को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जब्त बाइक के कागजात के आधार पर बाइक स्वामी तथा अज्ञात 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि नई उत्पाद अधिनियमों को अक्षरसः पालन करने के उद्देष्य से उत्पाद बलों के सहयोग से बिहार–झारखंड की सीमा पर जांच के अलावा दूर–दराज क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान की जाती है।

## परम ज्ञान निकेतन स्कूल में 24वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मना, छात्रों ने रंगारंग कायक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया

लोकतंत्र की आवाज़

**गय।** गया शहर के माड़नपुर अक्षयवट स्थित परम ज्ञान निकेतन स्कूल में 24 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मदर टेरेसा शांति पुरस्कार विजेता इंजीनियर नरेंद्र कुमार सिन्हा शामिल हुए हैं। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मैनेजर राकेश कुमार सिन्हा और प्रिंसिपल शशिकांत कुमार ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ–साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की



आवश्यकता है। इस कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। जिसमें एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान एक अलग ही उत्साह नजर आया है। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ है। इस दौरान प्रिंसिपल शशिकांत कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया है। इस दौरान सभी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

## छपरा: रबी किसान चौपाल में समेकित कृषि व जैविक खेती की दी गई जानकारी

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (अजय कुमार सिंह)।** अमनौर प्रखंड के हुस्सेपुर पंचायत में मंगलवार को रबी किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा किसान हित में चलायी जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी कृषि विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मियों द्वारा दी गयी।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि हाशीम मियाँ ने किया। चौपाल में प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि किसानों को कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के बताए गये नियमों का पालन करने की जरूरत है।इस मौके पर प्रखंड प्रबंधक अजय कुमार एवं एग्रीकल्चर कोर्डिनेटर शरीफ़ अंसारी ने किसानों से उनके खेती बाड़ी के तौर तरीके और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें नई तकनीक से अवगत कराया।उन्होंने वैज्ञानिक विधि से किसानों को दलहन एवं तिलहन को लेकर बरतने जाने वाले सावधानियों की जानकारी दी। कहा कि जीरो टीलेज़ तकनीक से कम खर्च व मेहनत में किसान अच्छी पैदावार और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वहीं किसान सलाहकार अजय कुमार सिंह व प्रशांत सिंह ने जैविक खेती के लिए पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई निर्माण के बारे में जानकारी दी तथा मिट्टी जाँच के सम्बन्ध में भी विस्तार से बताया।बदलते मौसम में जलवायु अनुकूल खेती करने के लिए विशेष जोर दिया गया।बताया गया कि आधुनिक तरीके से खेती करने पर फसल का उत्पादन ज्यादा बढ़ाया जा सकता है। किसानों ने भी अपनी समस्याएं बतायी।उन्होंने कहा कि फसल को नीलगायों, जंगली सूअर व लंगूरों से काफ़ी नुकसान हो रहा है जिससे किसान सबसे अधिक परेशान है। जिसके कारण मक्का, अरहर एवं सब्जी की खेती करने में काफ़ी परेशानी हो रही है।ए टी एम रामाधार यादव एवं वैभव कुमार ने बकरी पालन, मधु मक्खी पालन एवं मशरूम उत्पादन की प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर पूर्व शिक्षा अधिकारी शम्भू सिंह, वार्ड संघ अध्यक्ष माधवेन्द्र सिंह यादव, अमरेश कुमार सिंह, राहुल सिंह, सुदामा प्रसाद, नागेंद्र साह, रामलाल ठाकुर, शैलेश भारती, महेश सिंह, संजय प्रसाद, श्याम सुन्दर मिश्रा, छोटेलाल ठाकुर, टिंकू साह, रविन्द्र भारती, मंसूर अंसारी, रोहित कुमार, आशा देवी, उमा देवी, पार्वती देवी आदि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.चंद्रशेखर सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जन सुराज पार्टी का कार्यालय सह नागरिक सहायता केंद्र का विधिवत उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत के मुख्य बाजार स्थित अजय कुमार सिंह के आवास पर जन सुराज पार्टी का कार्यालय सह नागरिक सहायता केंद्र का विधिवत उद्घाटन रविवार को जिला सचिव कुमार मौलेश सिंह व पूर्व मुखिया अनिल कुमार। यादव के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन या पार्टी के लिए प्रखंड मुख्यालय में कार्यालय का होना आवश्यक है। जिससे समय समय पर विचार विमर्श के साथ साथ बैठक करने में काफी आसानी होती है। और क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को बैठने का एक ठिकाना मिलता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीढ कार्यकर्ता होता है। इसके लिए संगठन का विस्तार करने की जरूरत है। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान हो सके। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यदेव कुमार सिंह, सुमित कुमार झा, पूनमचंद सोनी, मनमोहन केडिया, मनोज सिंह, ललन कामत, संतोष गुप्ता, मनटुन सिंह, गिरीश कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पलासी प्रखंड के भतनजा गांव में दिवंगत समाजसेवी बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल को श्रद्धांजलि



लोक तंत्र की आवाज

पलासी । पलासी प्रखंड के भतनजा गांव में जिला पार्षद अमर सिंह के दिवंगत पिता, समाजसेवी और आदर्शवादी बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल के श्रद्धांजलि और संपीडन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में कई प्रमुख समाजिक और राजनीतिक हस्तियां उपस्थित हुईं। राजद नेता धर्मानंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास ने दिवंगत बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल का जीवन समाज सेवा और आदर्शों का प्रतीक था, जिन्होंने हमेशा समाज की भलाई के लिए कार्य किया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया तीर्थानन्द यादव, जगमोहन प्रसाद यादव, हुलास मालू, सिंघेश्वर सिंह, राजकुमार सिंह, सिंघिया गांव के परमानंद सिंह, और कालियागंज के परमेश्वर सिंह भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं और समाजसेवियों ने बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिवंगत समाजसेवी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा। बाबू लक्ष्मण प्रसाद मंडल का योगदान क्षेत्र में हमेशा याद रखा जाएगा।

### भारत-नेपाल सीमा पर 52वीं एस एस बी वाहिनी और एपीएफ नेपाल ने मिलकर किया संयुक्त गश्ती अभियान



लोक तंत्र की आवाज

अररिया। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), अररिया के कमांडेंट महेंद्र प्रताप के मार्गदर्शन में एक संयुक्त गश्ती अभियान चलाया गया। यह अभियान 52वीं वाहिनी के जवानों और एपीएफ नेपाल के जवानों द्वारा मिलकर सीमा क्षेत्र में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। गश्ती अभियान के बाद जानकारी देते हुए पार्टी कमांडर निरीक्षक मदन लाल ने बताया कि दोनों देशों के जवानों ने सीमा पीलर संख्या 164/1 से 164/1 तक सटे क्षेत्र में पगडंडियों, सड़कों और अन्य रास्तों से होकर संयुक्त गश्त की। यह गश्ती अभियान नियमित रूप से दोनों देशों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। निरीक्षक मदन लाल ने कहा, ''यह अभियान सीमा पर अवैध आवागमन को नियंत्रित करने, असामाजिक तत्वों पर काबू पाने और तस्करी व अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'' उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान दोनों देशों के जवानों के बीच सीमा सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान किया गया, जो सीमा पर स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करता है। इस गश्ती अभियान में एसएसबी की ओर से मु०आ० विपिन कुमार और आ० अरुण कुमार, जबकि एपीएफ नेपाल की ओर से मु०आ० मान कुमार शेरपा, योगतमांग सहित अन्य कार्मिक शामिल थे। यह संयुक्त प्रयास सीमा सुरक्षा में सहयोग और दोनों देशों के बीच दोस्ताना संबंधों को भी प्रगाढ़ करता है।

### बाल विवाह व पोक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई सहरसा के सौजन्य से चाइल्ड हेल्पलाइन सहरसा के नेतृत्व में बाल विवाह घरेलू हिंसा पोक्सो एक्ट 2012 बाल अधिकार जैसे कई मुद्दों पर महिषी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक टुसी कुमारी, परामर्शी कृष्ण कुमार, सुपरवाइजर रूपेश कुमार, संतोष कुमार कैस वर्कर, सुपरवाइजर किरण कुमारी एवं दत्तक गृह के सामाजिक कार्यकर्ता कौशल आनंद उपस्थित थे।

# सहरसा की कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी का मॉडल पूरे बिहार में होगा लागू

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिला स्थित कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी ने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। अब इस मॉडल को पूरे बिहार में लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दुग्ध उत्पादक महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और राज्य में दुग्ध उद्योग को प्रोत्साहन देना है। इसी क्रम में, जीविका बेगूसराय के जिला परियोजना प्रबंधक-अविनाश कुमार की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने सहरसा के हटिया-गाछी में स्थित कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी का दौरा किया।

इस दौरे का उद्देश्य कंपनी की संरचना, संचालन और कार्य पद्धतियों का अध्ययन कर इसे अन्य जिलों में लागू करने की संभावनाओं का आकलन करना था। कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी का पंजीकरण सितंबर 2017 में हुआ और अक्टूबर 2018 से इसका व्यवसायिक संचालन शुरू हुआ । यह कंपनी महिलाओं द्वारा संचालित है और सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिलों में अपनी सेवाएं दे रही है। कंपनी का उद्देश्य न केवल महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। वर्तमान में कंपनी से 40,000 दुग्ध उत्पादक जीविका दीदी जुड़ी हुई हैं। यह महिलाएं न केवल दुग्ध उत्पादन करती हैं, बल्कि इसके संग्रह, प्रसंस्करण और विपणन में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी इस वित्तीय वर्ष में प्रतिदिन औसतन 67,171 लीटर दूध की खरीद कर रही है। यह कंपनी महिलाओं को उचित मूल्य दिलाने और उनकी आय बढ़ाने में सहायक रही है। कंपनी ने यह सुनिश्चित किया है कि दूध की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो । बेगूसराय की टीम द्वारा किए गए दौरे के बाद, इस मॉडल को बिहार के अन्य जिलों में विस्तारित करने की योजना बनाई जा रही है।

इस विस्तार से राज्य के हजारों दुग्ध उत्पादक परिवारों को लाभ होगा और उन्हें एक स्थिर आय का स्त्रोत मिलेगा। साथ ही, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगी। कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी महिला सशक्तिकरण की एक अनूठी मिसाल है। यह कंपनी न केवल महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की क्षमता भी दे रही है। महिलाएं अपने पारंपरिक कौशल का उपयोग कर आधुनिक तकनीकों के साथ अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रही हैं। इस मॉडल की सफलता में जीविका और राज्य सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है । राज्य सरकार की मदद से कंपनी को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्राप्त हुई है। इस पहल से यह साफ है कि सरकार ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कौशकी जीविका महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी का विस्तार बिहार के दुग्ध उद्योग के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। यह न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगा।

# नगर निगम में शामिल होने के बाद भी बैजनाथपुर की स्थिति नारकीय



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** सहरसा नगर निगम में शामिल होने के बाद बैजनाथपुर की स्थिति नारकीय हो गयी है। चौक चौराहे और गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कहीं कोई सफाई कर्मी नहीं दिखाई देता है। सरकार द्वारा जहां नगर को साफ सफाई रखने के नाम पर प्रतिमाह करोड़ो रूपए खर्च किया जा रहा है। लेकिन इसका कोई लाभ नगर के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बैजनाथपुर चौक के बीचोंबीच बन रहे फ्लाईओवर के नीचे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे निकल रही बदबू से आने जाने वाले राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को सांस लेने भी दिक्कतें आ रही है। सफाई के अतिरिक्त सड़क किनारे कहीं कोई स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगा हुआ है।

कहने के लिए तो नगर निगम है। लेकिन सुविधा गांव और कस्बा से भी बदतर है। जबकि पड़ोस का जिला सुपौल नगर निगम नहीं रहने के बावजूद भी वहां साफ-सफाई, रौशनी समेत अन्य सभी सुविधाएं लोगों को सही तरीके से मिल पा रही हैं। यहां बगल में स्थित सब्जी मंडी, मछली बाजार समेत चौक का पूरा कचरा यहां जमा किया जाता है, जिसे देखने वाला न तो कोई जनप्रतिनिधि है और न हीं कोई पदाधिकारी जिसके कारण स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।

यहां के लोगों का मानना है कि इससे बेहतर हर सुविधा तो हमलोगों को बैजनाथपुर जब पंचायत था। उस समय मिल रहा था, लेकिन जब से यह पंचायत नगर निगम में शामिल हुआ है। तब से सुविधा के नाम पर हमलोग सिर्फ ठगे जा रहे हैं। नगर निगम में शामिल होने के बाद सिर्फ यहां राजस्व बिजली पानी बिल समेत अन्य सुविधा के नाम पर खर्च में बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय दुकानदारों और व्यवसायियों ने बैजनाथपुर चौक और आसपास के एरिया को साफ सफाई रखने के साथ साथ फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे से कचरा हटवाने की मांग जिला के वरीय पदाधिकारी से की है।

# एसपी ने कई थानाध्यक्षों को किया इधर से उधर

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने बेहतर पुलिसिंग के लिए जिले के कई थानाध्यक्षों को इधर उधर किया है जबकि कुछ को नए थाना का प्रभार सौंपा है। पुलिस अधीक्षक के जिलादेश संख्या 1336 एवं कार्यलय के ज्ञापंक 7938 के अनुसार पुनि अभिषेक रंजन पुलिस निरीक्षक सदर अंचल सहरसा को थानाध्यक्ष सौरबाजार, पुनि संतोष कुमार निराला को बसनही थाना से थानाध्यक्ष बिहरा, पुअनि अविनाश कुमार को डीआईयू शाखा सहरसा से थानाध्यक्ष सोनवर्षा राज थाना, पुअनि कुलवंत कुमार को थानाध्यक्ष बलवाहाट से थानाध्यक्ष बसनही थाना एवं पुअनि मनीष कुमार कअनि सदर थाना को थानाध्यक्ष बलवाहाट बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु के नेतृत्व में अनवरत अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है लेकिन जिले में और बेहतर पुलिस की मॉनिटरिंग के लिए कई थानाध्यक्ष को नई जिम्मेदारी के साथ साथ इधर उधर किया गया है।

# गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी नें फीता काटकर सुपौल में ब्रांडेड शो रुम का उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** कोसी प्रमंडल के सुपौल के साउथ हटखोला रोड स्थित ब्रांडेड शोरूम कीलर का उद्घाटन गायत्री शक्तिपीठ सहरसा के ट्रस्टी डॉक्टर अरुण कुमार जायसवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुपौल जैसे शहर में ब्रांडेड किलर शोरूम के खुलने से स्थानीय लोगों को विशेष कर युवाओं को फायदा होगा। आधुनिक तकनीक के इस युग में डीलर शोरूम खुलना सौभाग्य की बात है। अब तो इस शोरूम में फैशन जींस का रेंज उपलब्ध है। मुंबई दिल्ली की तरह फैशनेबल कपड़ों का बाजार खुल गया है। जहां लोगों को कई ऑप्शन भी मौजूद है। इससे पहले उद्घाटन कर्ता ट्रस्टी डॉक्टर अरुण कुमार जायसवाल को किलर कंपनी के एएसएम राहुल कुमार ने बुके देकर भव्य स्वागत किया।

वही कीलर शोरूम के प्रोपराइटर राजन कुमार ने अतिथि को पाग चादर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रोपराइटर ने कहा कि कीलर कंपनी का यह दूसरा ब्रांच सुपौल में खुला है। यहां पर लोगों को कंपनी का ऑथराइज्ड कपड़ा जींस शर्ट टी-शर्ट जैकेट स्वेटर आदि का विशाल रेंज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्टेशन समीप इस क्षेत्र में किलर शोरूम के खुलने से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। एएसएम राहुल ने बताया कि मुंबई की यह कंपनी केकेसीएल वर्ष 1989 से संचालित है। उन्होंने कहा पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी कीलर ब्रांड की अपनी पहचान आज भी कायम है। इस मौके पर समाजसेवी हरिहर प्रसाद गुप्ता, अधिवक्ता नागेंद्र नारायण ठाकुर, ललन कुमार सिंह, मनोरंजन चौधरी, वंदना गुप्ता, नीतू गुप्ता, लकी, सोहन झा, संतोष कुमार, रवि उपाध्याय, उज्जवल गुप्ता, निक्कू, आनंद राज, संजीव प्रसाद, संजय स्वर्णकार सहित अन्य मौजूद थे।

# छातापुर विधानसभा क्षेत्र के घिवहा पंचायत में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे संजीव मिश्रा

- गजेन्द्र मुखिया के पिताजी के निधन पर परिवार को सांत्वना और प्रभु प्रार्थना

लोक तंत्र की आवाज



**छातापुर।** बीते दिनों छातापुर विधानसभा क्षेत्र के घिवहा पंचायत में गजेन्द्र मुखिया के पिताजी का दुखद निधन हो गया। इस शोकपूर्ण अवसर पर पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी और विकासशील इंसान पार्टी के नेता संजीव मिश्रा शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे। संजीव मिश्रा ने गहरे दुख और संवेदना के साथ श्री गजेन्द्र मुखिया और उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वह और उनका परिवार पूरी तरह से दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। संजीव मिश्रा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की कामना की।

उन्होंने कहा, इस तरह के दुखद समय में परिवार को ताकत और साहस की आवश्यकता होती है, और हम सभी मिलकर इस कठिन समय में उनके साथ हैं। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। संजीव मिश्रा ने परिवार के सदस्यों से कहा कि ऐसे समय में एकजुटता और सहारे से ही परिवार को इस संकट का सामना करना आसान होगा। उन्होंने गजेन्द्र मुखिया को सांत्वना देते हुए उन्हें हमेशा इस कठिन समय में अकेला महसूस न होने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर गजेन्द्र मुखिया के परिवार ने संजीव मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी संवेदनाओं की सराहना की और कहा कि इस समय में उन्हें मिले समर्थन से उन्हें दिलासा मिला है। संजीव मिश्रा का यह कदम परिवार के लिए एक बड़ा सहारा बना और उनके शोक में संवेदनशीलता और समर्थन की भावना का प्रतीक बना।

# रसोइया सह सहायकों के बीच पाक कला प्रतियोगिता आयोजित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एमडीएम प्रदान करने की दिशा में अहम कदम



लोक तंत्र की आवाज

- कपड़फोड़ा स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों से चयनित 30 रसोइयों के बीच हुई

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**कुर्साकांटा ।** अररिया जिले के कुर्साकांटा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय कपड़फोड़ा में रसोइया सह सहायकों के बीच एक विशेष पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिला के 15 विद्यालयों से चयनित 30 रसोइयों के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों को स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन (एमडीएम) प्रदान करने के लिए रसोइयों को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रसोइयों ने तैयार किया तीन प्रकार का मेनू, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रसोइयों को तीन समूहों में बांटा गया। प्रत्येक समूह को एक विशेष प्रकार का मेनू तैयार करने का कार्य सौंपा गया।, ग्रुप ए ने जीरा चावल, आलू सोयाबीन की सब्जी बनाई।, ग्रुप बी ने पुलाव और काबुली चना का छोला तैयार किया।, ग्रुप सी ने हरी सब्जी युक्त खिचड़ी चोखा बनाया।

यह प्रतियोगिता रसोइयों के बीच न केवल पाक कौशल को प्रदर्शित करने का एक मंच थी, बल्कि यह बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में उनके प्रयासों को और बेहतर बनाने का एक अवसर भी था।


**कार्यक्रम का उद्देश्यः बच्चों को स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन देनाः** कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री रोहित कुमार चौरसिया ने किया, जिन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रसोइयों को स्वच्छता, गुणवत्ता और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एमडीएम बनाने की प्रेरणा देना है। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में जिला समन्वयक सरोज तिवारी, लेखापाल राजन कुमार, प्रखंड साधनसेवी भुवनेश्वर प्रसाद सिंह, तथा अन्य शिक्षकगण शामिल हुए।

**समाज के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन :** इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में विद्यालय परिवार के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुदेव सिंह, महादेव सिंह, सतीश विश्वास, नंदकिशोर यादव, शाहनवाज, श्यामदास, कंचन कुमारी, बसंती, अर्चना, बह्मदेव सिंह, संतोष मंडल, अनिल झा, बीरेंद्र सिंह, सुशील कुमार सुमन और रंजेश कुमार जैसे शिक्षक गण शामिल थे। उन्होंने न केवल आयोजन में मदद की, बल्कि बच्चों और रसोइयों को बेहतर स्वास्थ्य और पोषक भोजन के प्रति जागरूक भी किया।

**विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा गया :** प्रतियोगिता में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले रसोइयों को पुरस्कृत किया गया, और उनके काम की सराहना की गई। यह पुरस्कार न केवल उनके प्रयासों को प्रोत्साहन देने के लिए था, बल्कि यह पूरे जिले के रसोइयों के बीच गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा। इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि रसोइयों की मेहनत और समर्पण से बच्चों को न केवल स्वादिष्ट, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भोजन भी मिल सकता है, जो उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक साबित होगा।

# अररिया के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता में सुधार, ऑनलाइन निगरानी से स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही बेहतरी

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** केंद्र और राज्य सरकार के ताजातरीन प्रयासों का असर अररिया जिले के सरकारी अस्पतालों में साफ तौर पर दिख रहा है। जिलाधिकारी अनिल कुमार की पहल के तहत दवाओं की उपलब्धता और वितरण में बड़ा सुधार हुआ है, जिससे सरकारी अस्पतालों में मरीजों को समय पर दवाइयां मिल रही हैं और निजी दुकानों पर निर्भरता घट रही है। विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता में सुधार से मरीजों को लाभ मिल रहा है।

**दवाओं की उपलब्धता में सुधार :** अक्टूबर माह में दवाओं की उपलब्धता 102 प्रतिशत रही, जो पिछले माह की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। जिला अस्पताल ने 108 प्रतिशत दवा वितरण के साथ सफलता की मिसाल कायम की। अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता 100 प्रतिशत या इससे अधिक रही। इससे यह साबित होता है कि सरकारी अस्पतालों में अब दवाओं की कोई कमी नहीं है और मरीजों को तत्काल इलाज मिल पा रहा है।

**सभी स्तरों पर दवाएं उपलब्ध :** जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला अस्पताल से लेकर एचएससी-एचडब्ल्यूसी तक सभी स्तरों पर जरूरी दवाइयां उपलब्ध हैं। राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से निर्धारित दवाओं की सूची के मुताबिक सभी आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध हो रही हैं, और यदि किसी दवा की कमी होती है तो उसे बाजार से सरकारी दरों पर खरीदा जाता है।

इस सुधार का एक बड़ा कारण दवाओं की ऑनलाइन निगरानी और मॉनीटरिंग है। डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से दवाओं की खपत और आपूर्ति की रियल-टाइम निगरानी की जाती है, जिससे वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और कुशल बनी है। जिला मूल्यांकन और अनुश्रवण पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि यह प्रणाली दवाओं के वितरण में सुधार कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि दवाएं हर केंद्र पर समय पर पहुंचें।

**स्वास्थ्य सेवाओं में समग्र सुधार :** स्वास्थ्य सेवाओं के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि भव्या एप और डीवीडीएमएस पोर्टल की मदद से स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन और वितरण पहले से कहीं अधिक कुशल हो गया है। यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मरीज को सही समय पर इलाज और दवाइयां मिलें। अररिया जिले में सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और खपत की स्थिति में सुधार और ऑनलाइन निगरानी से स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इन प्रयासों ने न केवल सरकारी अस्पतालों को मजबूत किया है, बल्कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और उपचार देने में भी मदद की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत डीएलएसए का विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
भंडरा । झालसा रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोहरदगा के तत्वाधान में भंडरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में महिलाओं से सम्बंधित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिये बनाये गए कानून प्रावधानों और योजनाओं से जुड़े जानकारियां प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पैनल अधिवक्ता इन्द्राणी कुजूर ,सीओ दुर्गा कुमार,पारा लीगल वॉलिंटियर सीमा कुमारी समेत अन्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और राष्ट्रीय महिला आयोग की सहभागिता से जिले के सभी 9 प्रखंडों में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है और पूर्व में इसके तहत कार्यक्रम किया जा चुका है। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों तथा इससे जुड़े कानूनों के बारे में भी बताया। 31 मार्च 2025 तक महिलाओं से जुड़े यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न ब्लॉकों में किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित महिलाओं के बीच कानूनी पुस्तिका व पर्ची का भी वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलवी सीमा कुमारी, नारायण साहू,अंशु कुमारी,निर्मला देवी, रेखा देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### झारखण्ड सरकार को लेकर युवा युवतियों ने रैली निकाल सभी परीक्षाओं को रद्द करने और सीबीआई जांच की मांग रखी



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी , प्रभारी झारखंड
गुमला। सीजीएल परीक्षा रद्द करो बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी नहीं चलेगी मांग लेकर सड़क पर उतरे युवा युवतियों ने शहीद चौक को जाम कर झारखण्ड सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए गोलबंद होकर कहा कि राज्य की सरकार महिलाओं को 18 साल की युवती को मईया सम्मान योजना नहीं नौकरी चाहिए झारखण्ड सरकार होश में आओ अब मनमानी नहीं चलेगी चुनावी दौर समाप्त हो गया है अब झारखण्ड के युवाओं की मांग और उनके हक देना होगा बहानेबाजी नहीं चलेगी और यह आंदोलन पूरे झारखण्ड में एक साथ चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर भी नारेबाजी करते हुए एक विशाल रैली निकाली गई थी जिससे घंटे भर टॉवर चौक पर जाम की स्थिति बनी रही और आने-जाने वाले यात्री बसें और भारी वाहनों का लंबी कतारें लग गई परिणामस्वरूप ट्राफिक व्यवस्था चरमरा गई थी। आज की रैली के माध्यम से युवाओं ने झारखंड सरकार को सभी परीक्षाओं का सीबीआई जांच करते हुए राज्य में युवाओं के साथ इंसाफ करने का आह्वान किया गया।

### बांग्लादेश हिंदुओं पर अत्याचार खिलाफ को लेकर जन आक्रोश रैली निकाली गई



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा। लावालौंग प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे बर्बरता पूर्ण अत्याचार के खिलाफ जन आक्रॉस रैली निकाली गई। जिसे लेकर भारी संख्या में लोग आपने अपने दुकानें बंद रख कर इसका समर्थन दिया ।और यज्ञशाला परिसर लावालौंग में एकजुट होकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सभा का आयोजन किया गया ।सके बाद पूरे लावालौंग का भरमन कर जन आक्रोश रैली निकाली गई ।रैली के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाओ हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे,इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करो, जैसे कई नारे लगाए जा रहे थे ।इसके बाद लावालौंग प्रखंड विकास पदाधिकारी के समझ राज्य पाल के नाम ज्ञापन भी सोपा गाया ।जन आक्रॉस रैली में मुख्य रूप से शंकर साहू, खगेश्वरसाहू, नीरज चंद्रवंशी, उमेश ठाकुर, विवेक केसरी, आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने निजी खर्च से जर्जर सड़क को आवागमन युक्त बनवाया,ग्रामीणों ने जताया आभार



लोकतंत्र की आवाज
कुंदा( चतरा)। वर्षों से जर्जर सड़क से जूझ रहे टिकैतबांध व चुटीघाट गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है ।मंगलवार को कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहु ने निजी खर्च से करीब दो किमी सड़क बनावाया हैं मुखिया ने जेसीबी व ट्रैक्टर से गांव जाने वाली सड़क को दुरुस्त किया है। उक्त सड़क के बन जाने से ककहिया, मोहनपुर, कुशुम्भा, इचातु, मेदवाडीह समेत कई गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी,सड़क के आभाव में गांव तक वाहन नहीं पहुँच पाती थी। मुखिया ने बताया कि सड़क पर एक सप्ताह पूर्व गांव जाने वाली जर्जर सड़क से धान लोडिंग कर पिकअप वाहन आने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया,वही इससे पूर्व कई मोटरसाइकिल दुर्घटना भी घट चुकी है इसी को देखते हुए पंचायत भ्रमण के दौरान उक्त गांव के लोगों ने जर्जर सड़क की समस्या से अवगत कराया था ।जिसे हमने निजी खर्च कर सड़क को दुरुस्त करवाया ।वही इससे पूर्व भी अपने पंचायत क्षेत्र में आधा दर्जन गांव में निजी खर्च से सड़क बना चुके है ।इस मौके पर विजय भोक्ता, नगीना गंझु, बिहारी मिस्त्री,ब्रहमदेव भोक्ता,बंसत गंझू,सविता देवी,ममता देवी,सीता देवी ने सड़क बनवाने पर मुखिया के प्रति आभार जताया है।

# चिराग पासवान के स्वागत की तैयारी तेज, चतरा कॉलेज मैदान में कराया जा रहा भव्य पंडाल का निर्माण

लोकतंत्र की आवाज़





**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)।** आगामी 14 दिसंबर को होने वाले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज हो गई है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित होने वाले पार्टी के पहले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जोर-जोर से तैयारियों में जुटे हैं। केंद्रीय मंत्री सह लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की आहूत जनसभा और कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा कालेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त करेंगे।

वहीं विभिन्न दलों को छोड़कर लोजपा( रा) में शामिल हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वागत करेंगे। मौके पर चतरा के चर्चित समाजसेवी सह पूर्व मुखिया हंटरगंज के पिंडराकला गांव निवासी प्रेम सिंह सैकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा में शामिल होंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रेम सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों मुखिया, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता भी चिराग की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रेम सिंह के नेतृत्व में लोजपा( रा) में शामिल हो रहे नेताओं व कार्यकर्ताओं के स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष गौरी यादव के नेतृत्व में लगातार तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इतना ही नहीं विभिन्न प्रखंडों में लगातार सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया जा रहा है। ताकि चतरा में पहली बार आयोजित हो रहे केंद्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को न सिर्फ ऐतिहासिक बनाया जा सके बल्कि संगठन को भी मजबूती प्रदान करने की दिशा में कारगर पहल हो सके। लोजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रेम सिंह के समर्थकों संग संगठन में शामिल होने से हम हर मोर्चे पर मजबूत होंगे।

## गिरिडीह लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत कार्यशाला



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो- चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** गिरिडीह, डीआरडीए सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप की अध्यक्षता में लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों का समर्थन करने, शिक्षा, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा और बाल विवाह, गुड टच-बैड टच, जेंडर समानता, यौन उत्पीडन एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अन्य कानून तथा साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने लिंग आधारित हिंसा से मुक्ति हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर गिरिडीह द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल हिंसा, यौन शोषण, आदि विभिन्न समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के अंदर सभी तरह की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसमें आपसी सुलह-समझौते से लेकर कानूनी सहायता और स्वास्थ्य से संबंधित सहायता के साथ-साथ रहने की भी सुविधा उपलब्ध रहती है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना₹ के माध्यम से लिंग आधारित भेदभाव को कम करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा सभी महिलाओं और गांव की सभी किशोरियों और युवतियों को इसका लाभ लेने के लिए सभी सेविकाओं को निर्देशित किया है। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित को समन्वय बनाकर कार्य करते हुए महिलाओं को घरेलू हिंसा व शोषण से निजात दिलाना है। सखी वन स्टॉप सेंटर की अन्य कर्मियों ने भी इस चर्चा में शामिल होते हुए कानूनी सहायता टोल फ्री नंबर 181 आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में बतलाया गया।

## लावालौंग प्रखंड के मांधनिया पंचायत में मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने किया मनरेगा योजना का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के मांधनिया पंचायत और लावालौंग पंचायत में मंगलवार को मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न प्रकार के योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान के द्वारा किया गया।

जिसमें मनरेगा के तहत संचालित मिश्रित बागवानी योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, डोभा इत्यादि योजना का भौतिक निरीक्षण किया गया।जिसमें लगभग सभी योजनाएं संतोषजनक पाई गई।वही अधूरे पड़े योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया और साथ ही अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।इस दौरान लावालौंग बीपीओ निरंजन कुमार सिंह, रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार, नौशाद आलम, राजेश कुमार समेत कई ब्लॉक कर्मी और लाभुक मौजूद थे।

## गिरिडीह विधिक सेवा प्राधिकार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** माननीय झालसा रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मति सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में केंद्रीय कारागार गिरिडीह एवं उच्च विद्यालय गिरिडीह में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम केंद्रीय कारागार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ श्री हरि ओम, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम सुश्री प्रीति कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।जिसमे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम बिश्नोई ने बताया कि मानवाधिकार सभी मनुष्यों के निहित अधिकार हैं , चाहे उनकी जाती,लिंग, राष्ट्रीयता, जातीयता, भाषा, धर्म या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो । मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति , राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और भी अन्य शामिल है। साथ ही साथ माननीय नालसा नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त सहयोग तथा माननीय झालसा रांची के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडे के निर्देशानुसार विधान से समाधान महिलाओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आज आयोजन हुआ है जिसका आयोजन स्थल प्रखंड कार्यालय पीरटांड़ के सभागार में किया गया ।इसमें मीरा कुमारी ने बताया कि भारतीय संविधान के अंतर्गत महिलाओं के लिए सामान्य कार्य के लिए समान वेतन कारखाना अधिनियम 1948 पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का संचालन फ्रंट कार्यालय के पी एल बी श्री दिलीप कुमार ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में पी एल बी सुनील कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लोक प्रेरणा केंद्र और इब्तिदा नेटवर्क के संयुक्त कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**सिमरिया।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में लोक प्रेरणा केंद्र और इब्तिदा नेटवर्क के संयुक्त तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी, मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा, जिला अध्यक्ष ललिता देवी,संस्था सचिव मौसमी बाखला, प्रकाश गंझू एवं ट्रांस समुदाय की पूजा, रीमा ,एवं किरण ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जेंडर आधारित हो रहे हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना साथ ही साथ समाज में अलग-अलग पहचान के साथ जी रहे लोगों को न्याय दिलाना, असमानता से समानता की ओर लाने में मदद करना है ।मौके पर प्रज्ञा केंद्र संचालक प्रकाश गंझू ने कहा कि विकलांगता किसी पर बोझ नहीं है अन्य व्यक्तियों की तरह हम भी अपने जरूरत और अधिकार को पूरा कर सकते हैं।

वही किन्नर समुदाय की पूजा ने कहा कि हमारे समुदाय के साथ किसी भी तरह के हिंसा न हो और हमलोग भी स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि हमारे संस्था की ओर से हमेशा यह प्रयास रहता है कि समाज में फैले हुए जेंडर आधारित भेदभाव को खत्म किया जा सके ताकि लोग एक समान जिंदगी जी सके। कार्यक्रम में मुखिया अध्यक्ष बिनोद महतो,नरेश महतो, शकुंतला देवी,पूर्व उप प्रमुख ललिता देवी के अलावे आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, एवं दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रतिमा ,सरोज ,अनीता मिश्रा कविता ,रानी ,भूमिका ,प्रगति, साक्षी ,पूजा ने अपना अहम योगदान दिया।

## जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला।** आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रमुख मामले और समाधानः

**1. सारंगो नवाटोली का मामला:** एक आवेदिका ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिता, जो सदर अस्पताल में कार्यरत थे, की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र को नौकरी दी गई। परंतु पुत्र परिवार की आर्थिक मदद करने से इंकार कर रहा है। इस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, गुमला को इस मुद्दे पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**2. बसिया प्रखंड का मामला:** ग्राम बानागुटु के आवेदक ने शिकायत की कि डीलर द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी की जाती है और तौल में भी अनियमितताएं हैं। आवेदक ने डीलर को बदलने की मांग की। उपायुक्त ने इस विषय पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

**अन्य प्रमुख विषय:** जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान, राशन, पेंशन, शिक्षा, रोजगार, अबुआ आवास योजना, ई-ट्राय साइकिल और अन्य योजनाओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आवेदकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा, ₹जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य नागरिकों को प्रशासन के प्रति विश्वास दिलाना है।

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता

- रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर जारी गतिरोध दूर करने हेतु पर्यवेक्षकों का दल करेगा स्थल निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज़

**निशान्त तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर जारी गतिरोध दूर करने हेतु प्रखंड सभागार में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीएल प्रबंधन, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सेरनदाग के ग्रामीणों ने एक स्वर में रेलवे लाइन क्षेत्र के अतिरिक्त अनावश्यक भूखंडों पर लगाये गये सेक्शन 9 को हटाने का प्रस्ताव रखा। बताया गया कि समुचित विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि पर्यवेक्षकों के एक दल द्वारा स्थलीय जांच के पश्चात ग्रामीणों के उक्त मांग पर अमल लाने का भरोसा दिलाया गया। बता दें, पिछले सात साल पूर्व सीसीएल ने उक्त सेक्शन लगातार जमीनों की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी थी। जबकि, साइडिंग निर्माण के लिए कुल सात गांवों से अनापत्ति लेने हेतु नौ बार किये गये विभागीय प्रयास को ग्रामीणों ने विफल कर दिया गया। बैठक में बीडीओ देवलाल उरांव,सीओ विजय दास, जीएम अमरेश कुमार सिंह, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा,मनोज चंद्रा, फुलचंद साहु,झमन साहु,पारस गुप्ता, कामेश्वर गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर वृद्धाआश्रम में फल व मिठाई वितरण

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** मानवाधिकार भी कई प्रकार के होते हैं नागरिक और राजनीतिक अधिकार आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार तथा एकजुट का अधिकार वैसे आजकल मानवाधिकार की वास्तविक स्थिति में झारखंड में कुछ सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट गिरिडीह के पदाधिकारीयो द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के शुभ अवसर पर वृद्ध आश्रम गिरिडीह में फल और मिठाई देकर वृद्धाओं को शुभकामनाएं दिए। राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष इरफान अंसारी ने कहा कि आज विश्व मानवाधिकार दिवस है 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र असेंबली द्वारा की गई थी 28 सितंबर 1993 को भारत में मानवाधिकार कानून अमल में आया 12 अक्टूबर 1993 को भारत सरकार ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया इरफान अंसारी ने कहा कि मानव संरक्षण अधिनियम 1993 के अंतर्गत हुई जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत है जबकि आज एक एक मानव अपने अधिकार से वंचित है इरफान अंसारी ने कहा कि आज हमारा हक अधिकार छीनने का काम शासन और प्रशासन कर रहे हैं जब तक मानव जागरूक नहीं होगा तब तक अपना हक अधिकार से वंचित रहेगा इसलिए मानव को जागरूक होना होगा तभी उसे हक अधिकार मिलेगा।

नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि संविधान का पालन करें मानव का हक अधिकार छीनने का काम ना करें नहीं तो राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट वैसे लोगों को सबक सिखाने का काम करेगी। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि आज मानव को मौलिक मूल अधिकार नहीं मिल पा रहा है जैसे समता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता को अधिकार, शिक्षा संबंधित अधिकार, और संविधनानिक उपचारों का अधिकार से मानव वंचित है इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इरफान अंसारी, जिला महासचिव मोहम्मद अफगान, महिला जिला महासचिव कोमल तन्वी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार रवानी, नगर अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, महिला नगर अध्यक्ष मीणा परवीन, नगर उपाध्यक्ष संजर इमाम, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद जुल्केनेर पप्पू, रेहाना अंजुम, पन्ना दास, मोहम्मद सत्तार, शबाना परवीन, रजिया खातून, टिंकू कुरैशी, मोहम्मद नवाब, मोहम्मद अबू बकर, डब्लू आदि उपस्थित थे

## संक्षिप्त खबरें ।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी
बलिया। बैरिया थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर ढाले से सटे हनुमान मंदिर के समीप स्कूल से पढ़कर घर जा रही पांच वर्षीय प्रियांजल पुत्री स्व. बृजेश गोंड की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर , घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। इस बाबत बैरिया एसएचओ रामायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, परिजनों की तहरीर पर अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी
बलिया। शादी से लौट रहे दो लोगों की मंगलवार उस समय मौत हो जब यहां नीरूपुर गांव में उनकी मोटरसाइकिल एक खड़े टेंपो से टकरा गई पुलिस के मुताबिक हादसा बलिया-बैरिया हाईवे पर उस वक्त हुआ जब मोटरसाइकिल एक खड़े टेंपो से टकरा गई। पीड़ितों की पहचान रमेश साहनी ( 38 ) और लखन साहनी ( 36 ) के रूप में हुई, जिन्हें गंभीर चोटें आईं। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रमेश साहनी अपने दोस्त बिहार के पड़ोसी जिला बक्सर निवासी लखन साहनी के साथ अपने गांव लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि वे रेवती इलाके के तुलसी छपरा में रमेश के भाई की शादी से लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल नियंत्रण से बाहर हो गई और हल्दी थाना क्षेत्र के निरुपुर गांव के पास टेंपो से टकरा गई। हल्दी थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार ने कहा, ''शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद टेम्पो चालक वाहन लेकर भाग गया।

### मानवाधिकार दिवस पर स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम, हुए पुरस्कृत

लोकतंत्र की आवाज
इसुआपुर (सारण)।प्रखंड के सेंट्रल ग्लोबल स्कूल भगवानपुर के प्रांगण में मानवाधिकार दिवस के मौके पर आम लोगों के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी मानवाधिकार से सबंधित जानकारियां दी गईं। वहीं इस मौके पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।जिन्हें मानवाधिकार आयोग के सदस्यों द्वारा पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आयोग के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला पभारी पूर्व फौजी सह सैनिक कैंटीन के संचालक मोहम्मद वारिस, जिला सचिव मोहन साह, अभय कुमार, रंजन चौबे, फिरोज अंसारी, राजेश प्रसाद सिंह, सद्दाम अंसारी, याकूब अंसारी, डॉ दिनेश प्रसाद, रवि कुमार थानाध्यक्ष कमल राम समेत दर्जनों गणमान्य लोग थे।

### 8 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
मशरक (सारण)। मशरक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्टेशन रोड में आशा स्टूडियो के पास गली में छापेमारी करते हुए 8 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली उसी आधार पर स्टेशन रोड में आशा स्टूडियो के बगल गली में 8 कार्टून अंग्रेजी शराब फ्रूटी पैक जो 88 लीटर हैं के साथ धंधेबाज सुजल कुमार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शराब बिक्री के लिए छुपा कर रखा गया था। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार धंधेबाज को छपरा न्यायालय भेज दिया गया और मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### मारपीट में 10 लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज
एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गये। घायलों में मिल्की गांव की मीरा देवी, किसन कुमार, कोहड़गढ़ गांव के सुनील यादव, माधोपुर गांव के जनक प्रसाद, माफी गांव के गुलाब कुमार पटेल, चन्दउपुर गांव के उज्ज्वल कुमार, प्रकाश मांझी, धर्मेश कुमार, महाराजगंज इंदौली गांव के महमद सबीर समेत दस लोग शामिल हैं।

# सारण में माइक्रो फाइलेरिया के जांच के लिए प्रखंडो में नाईट ब्लड सर्वे का काम शुरू

लोकतंत्र की आवाज





छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर)। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत माइक्रो फाइलेरिया के जाँच के लिए नाईट ब्लड सर्वे की शुरुआत की गयी है। इसके लिए जिले के सभी प्रखंड में दो दो साइट बनाया गया है। जिसमे एक सेंटीनल और एक रैंडम साइट बनाया गया है। साइट का निर्धारण फाइलेरिया के मरीजों के संख्या के आधार पर किया गया है। इस दौरान माइक्रो फाइलेरिया के जाँच के लोगों का ब्लड सैंपल कलेक्ट किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ विधायक, स्थानीय मुखिया और जन प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इसमें पिरामल और सिफार संस्था के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

**20 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान 20 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का ब्लड सैंपल लिया जा रहा है ।सामान्य व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की पहचान रात में ही हो सकता है। क्योंकि रात में ही किसी व्यक्ति का शरीर आराम की अवस्था में रहता है। ऐसे समय में ही शरीर में उपलब्ध माइक्रो फाइलेरिया खून में एक्टिव अवस्था में होते हैं। इस समय जांच करने से उनमें शामिल माइक्रो

- जिले के प्रत्येक प्रखंड में बनाया गया दो-दो साइट
- 16 दिसंबर तक चलेगा नाईट ब्लड सर्वे

फाइलेरिया की पहचान हो सकती है. जिसे मेडिकल सहायता प्रदान करते हुए सुरक्षित किया जा सकता है।

**1 सेंटिनल तथा 1 रैंडम साइट बनाया गया:** जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार सुधीर कुमार ने बताया कि जिले में प्रत्येक प्रखंड में 1 सेंटिनल तथा 1 रैंडम साइट बनाया गया है। यह साइट माइक्रो- फाइलेरिया के मरीजों के संख्या के आधार पर बनाया गया है। प्रत्येक साइट पर 300 लोगों का सैंपल लिया जाना है। 9 से 16 दिसंबर तक प्रत्येक साइट पर 20 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों का सैंपल कलेक्शन किया जायेगा और जांच किया जायेगा कि उनके शरीर में माइक्रो-फाइलेरिया है या नहीं।

**सुपरविजन के लिया टीम का गठन :** नाईट ब्लड सर्वे के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। टीम चयनित प्रखंडो और स्थलों पर जाकर जाँच करेगी कि आदेशानुसार और गाइडलाइन के तहत ब्लड सैंपल लिया जा रहा है या नहीं। इस टीम में सिफार संस्था और पिरामल के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। 20 साल से अधिक आयु की महिलाओं एव पुरुषों का सैंपल लिया जाएगा। सैंपल लेकर रक्त पट्टिका बनाई जाएगी। इसका उद्देश्य फालेरिया रोगी मिलने पर उसका तत्काल इलाज मुहैया कराकर जिले को इस रोग से मुक्त बनाना है।

#### लक्षण

- कई दिन तक रुक-रुक कर बुखार आना।
- शरीर में दर्द एवं लिम्फ नोड (लसिका ग्रंथियों) में सूजन।
- हाथ, पैरों में सूजन एवं पुरुषों के अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसील)।
- महिलाओं के ब्रेस्ट में सूजन, पैरों में सूजन ।
- संक्रमित व्यक्ति में बीमारी के लक्षण पांच से 15 साल तक में दिख सकते हैं।

#### बचाव

- लक्षण लगने पर समय से जांच कराकर इलाज शुरू कर दें।
- फाइलेरिया की दवा का सेवन पांच वर्ष तक हर साल कर बचा जा सकता है।
- फाइलेरिया के मच्छर गंदी जगह पर पनपते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव करें।
- साफ़ सफाई रखकर मच्छर से बचने के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनें।

## अनियंत्रित कार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, महिला समेत तीन घायल



लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर चैनवा गांव के समीप छपरा की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें कार में सवार एक महिला समेत तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि घायलों का प्राथमिक उपचार रसूलपुर के एक निजी अस्पताल में कराया गया। मामले में पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

## बिजनौर नगर पालिका नजीबाबाद मेंठंड से बचने को पालिका ने नहीं किए अलाव व रैन बसेरों के इंतजाम

लोकतंत्र की आवाज



- रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व नगर के मुख्य चौराहा पर ठंड से कांप रहे नगरवासी

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**बिजनौर।** नजीबाबाद में नगर पालिका परिषद की ओर से अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं हुई और ना ही शहर में रैन बसेरे बनवाए गए। इससे राहगीरों और यात्रियों, रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में शीत लहर का प्रकोप शुरू हो गया है, रात्रि में मौसम का तापमान लगातार गिर रहा है। दिसंबर की ऐसी भीषण ठंड में सड़कों व खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को खतरा शुरू हो जाता है। धीरे- धीरे कोहरा भी बढ़ रहा है लेकिन इन सब के बाद भी अब तक नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ने अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था नहीं की है।

ऐसे में लोगों को रेलवे स्टेशन बस स्टैंड पर अपनी रात को गुजारना पड़ रहा है। देर रात तक चौराहों पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करने वाले यात्रियों को अलाव की आंच भी नहीं मिल रही है। हमारे संवाददाता द्वारा रविवार की रात की गई पड़ताल में शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर अलाव और रैन बसेरे नजर नहीं आए। बल्कि रात्रि में लोग रोडवेज बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन के निकट सडक किनारे खुले में भीषण ठंड के बीच सोते नजर आये। इसे पालिका नजीबाबाद की बड़ी लापरवाही ही कहा जायेगा। पालिका के जागरूक और इंजीनियर चेयरमैन भी इससे अंजान बने हुए है। आखिर पालिका के चेयरमैन, ईओ और पालिका प्रशासन को अब तक इसकी फिक्र क्यों नहीं हुई, यह एक बड़ा सवाल है। हालाकि अब देखने वाली बात यह होगी कि कब तक नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहर में अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था कराई जाती है। नगर पालिका परिषद के ईओ राजीव कुमार का कहना है कि पालिका की ओर से अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी।

## प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये जिला जज

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के तत्वाधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर शनिवार को किया जाना है जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया अमित पाल सिंह द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं उपयोगिता और कार्य पारदर्शिता और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिसका संचालन हरीश कुमार अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के द्वारा किया गया उक्त प्रचार वाहन दीवानी न्यायालय परिसर बलिया से निकलकर जिले के समस्त तहसीलों का भ्रमण करते हुये जन-जन तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को बतायेगी तथा जनसामान्य को यह अवगत करायेगी कि वह अपने सभी प्रकार के मामलों जो जुर्माने से दण्डनीय हो अथवा पारिवारिक विवाद जमीनी विवाद बिजली के मामलें टेलीफोन बिल के मामलें टेक्स के मामले चेक बाउंस के मामलें सुलह योग्य फौजदारी मामलें इत्यादि का पूर्ण और प्रभावी समाधान प्राप्त कर सकते है राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये मामले की कोई अपील नही की जाती आपके खर्चे भी कम आते है और समाधान का प्रभाव वैसा ही होता है जैसा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का प्रभाव होता है अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्यक्रम के दौरान न्यायालय के समस्त अपर जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, सुरक्षाकर्मी, पैरालीगल वालेन्टियर्स, वादकारीगण व अन्य लोग भी उपस्थित रहें।

## मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




मामलोत सेख
**साहेबगंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के निर्देशानुसार आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि मानव अधिकार से तात्पर्य उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग 3 में मूलभूत अधिकारों के नाम से वर्णित है और न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय है। जिसकी भारतीय संविधान न केवल गारंटी देता है बल्कि इसका उल्लंघन करने वालों को अदालत सजा भी देती है। आगे महिला के अधिकारों पर बात करते हुए उन्होंने यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण (पॉश एक्ट) के तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के अधिकांश मामलों में पुरुषों द्वारा महिलाओं को लक्ष्य कर किया जाता है। लेकिन किसी भी महिला को ऐसा व्यवहार सहन नहीं करना चाहिए, जो उनकी इज्जत और मर्यादा का उल्लंघन करें और जिससे उस व्यक्ति, संस्थान या समाज पर नकारात्मक असर पड़े। ऐसे व्यवहारों पर रोक लगाने के लिए ही पॉश अधिनियम पारित किया गया है। महिलाओं को अपनी कामकाजी परिस्थितियों पर असंतोष व्यक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए। आगे उन्होंने पॉश एक्ट के तहत दिए जाने वाले दंड एवं जुर्मानों के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया।

## उपायुक्त आम जनों की समस्या से अवगत हुए

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
**साहेबगंज।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित नैनी मिश्रा, कंचन कुमार सरकार, नाथू घोष, एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया।

संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे।

जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज



ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार अमित कुमार को सौंपा। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

- गौतमबुद्ध नगर में जेल भेजे गए किसानों को रिहा करने की मांग

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
भारतीय किसान संगठन एकता से जुड़े किसानों ने तहसील पहुंचकर महामहिम राज्यपाल उत्तर-प्रदेश लखनऊ को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में गौतमबुद्धनगर में संघर्ष कर रहे किसानों को रिहा करने और उनपर दर्ज किए मुकदमों को वापस लिए जाने, किसानों की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग है। सोमवार को भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मंडल प्रभारी फुरकान खा और जिलाध्यक्ष जाहिद हुसैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े किसान तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने महामहिम राज्यपाल लखनऊ को संबोधित एक

ज्ञापन में कहा कि गौतमबुद्धनगर के किसान काफी समय से संघर्ष कर रहे है। वहा पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया गया जो गलत है, किसानों को पर मुकदमे लगाकर जेल भेजा गया। किसानों को शीघ्र ही रिहा किया जाए, दर्ज हुए मुकदमे वापस लिए जाए। किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए, चीनी मिलों पर अब तक का बकाया जल्द दिलाया जाए, हरिद्वार से नजीबाबाद आ रही पूर्वी गंग नहर में पानी छोड़ा जाए। ज्ञापन देने वालो में आकाश, आदिल, आमिर, मौ. शादाब, मौ. खिजर, महताब, तौसीफ, अफसर कुरैशी, नफीस अहमद, तनवीर अहमद, नीतू कुमार, शमशेर, ताहिर मकरानी, वसीम आदि उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।